उज्जैन
शनिवार
30
मई, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-206
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



एक्ट्रेस शहाना गोस्वामी ने कहा- वह ओपन रिलेशनशिप में हैं मेरी जिंदगी में कई पार्टनर हैं लेकिन ये रिश्ते कैजुअल नहीं हैं

पेज- 8

## अमेरिकी रक्षा मंत्री बोले- भारत तेजी से सैन्य ताकत बढ़ा रहा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि भारत तेजी से अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने के साथ सेना को आधुनिक बना रहा है।



अमेरिका भी भारत के साथ मिलकर रक्षा उत्पादन और नई तकनीकों पर काम कर रहा है। सिंगापुर में एक कार्यक्रम के दौरान हेगसेथ ने कहा कि भारत हाई-एंड सैन्य ऑपरेशन संभालने के लिए मजबूत औद्योगिक और लॉजिस्टिक क्षमता तैयार कर रहा है। भारत खासकर हिंद महासागर क्षेत्र में शक्ति संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रहा है। हेगसेथ ने आगे कहा कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र दुनिया का सबसे अहम इलाका बन चुका है और यहां सुरक्षा बनाए रखने में अमेरिकी सेना की बड़ी भूमिका है।

## सड़कों पर नमाज पढ़ना गलत है, तो हर धर्म के त्योहारों पर यही नियम लागू हो: ओवैसी

**नई दिल्ली।** एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने शुक्रवार को कहा कि अगर सड़कों पर नमाज पढ़ना गलत है, तो हर धर्म के त्योहारों को सड़क पर मनाने के लिए भी यही नियम लागू होना चाहिए। अपनी पार्टी के मुख्यालय में एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि मुस्लिमों को हाशिए पर धकेलने और उन्हें दोयम दर्जे का नागरिक बनाने की कोशिशें की जा रही हैं। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 25 का हवाला देते हुए सवाल उठाया कि जब उत्तराखंड से दिल्ली तक धार्मिक यात्राएं निकाली जाती हैं और सड़कें बंद हो जाती हैं, तब उन पर आपत्ति क्यों नहीं जताई जाती, जबकि सड़कों पर पढ़ी जाने वाली नमाज बहुत कम समय के लिए होती है।

## ईरान को 25 लाख करोड़ रीकंस्ट्रक्शन फंड मिलेगा, अमेरिकी कंपनियां निवेश करेंगी

**तेल अवीव।** अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित 60 दिन के युद्धविराम समझौते की शर्तों में ईरान के लिए 300 अरब डॉलर यानी करीब 25 लाख करोड़ रुपए के फंड और अमेरिकी कंपनियों के निवेश का प्रस्ताव शामिल है।



न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, एक ईरानी अधिकारी ने इसे रीकंस्ट्रक्शन प्रोग्राम बताया। उन्होंने कहा कि अंतिम समझौते पर हस्ताक्षर होने पर ईरान को यह आर्थिक मदद देने का वादा किया जाएगा। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि दोनों पक्ष परमाणु कार्यक्रम पर सहमति के करीब पहुंच गए हैं। ईरान परमाणु हथियार नहीं बनाएगा।

## 14 साल के श्रेय ने स्पेलिंग बी प्रतियोगिता जीती, 90 सेकेंड में 32 शब्द सही लिखे

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की सबसे कठिन मानी जाने वाली प्रतियोगिता स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी का खिताब 14 साल के भारतीय-अमेरिकी छात्र श्रेय पारिख ने जीत लिया है। कैलिफोर्निया के श्रेय पारिख ने 90 सेकंड में 32 शब्दों की सही स्पेलिंग लिखी और न्यू जर्सी के 12 साल ईशान गुप्ता को हराकर यह खिताब जीता। कैलिफोर्निया के रैंचो कुकामोंगा निवासी श्रेय पारिख आठवीं कक्षा के छात्र हैं। स्पेलिंग बी के नियमों के अनुसार यह उनका आखिरी साल था, क्योंकि आठवीं कक्षा के बाद प्रतियोगी हिस्सा नहीं ले सकते। जीत के साथ उन्हें 50 हजार डॉलर की पुरस्कार राशि और प्रतिष्ठित स्क्रिप्स कप मिला। यह लगातार पांचवीं बार है जब किसी भारतीय मूल के छात्र ने स्पेलिंग बी का खिताब जीता है।

# यूपी-बिहार में आंधी-बारिश से 48 मौतें

### सहारनपुर में 10 गाड़ियां बहीं, बिहार में 4 फ्लाइट डायवर्ट, 18 लेट, पंजाब में ओले गिरे

ब्रह्मास्त्र » लखनऊ/पटना



देश में गर्मी के बीच 15 से ज्यादा राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। बिहार में पिछले 24 घंटे में आंधी-बारिश और बिजली गिरने से 17 लोगों की मौत हुई है। पटना में बारिश के चलते 4 फ्लाइट डायवर्ट की गईं, जबकि 18 फ्लाइट लेट रहीं। इससे करीब 500 से ज्यादा यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। आज प्रदेश के 25 जिलों में बारिश की संभावना है।

उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटे में आंधी-तूफान की वजह से 31 लोगों की मौत हो गई है। सहारनपुर में भारी बारिश के बाद पहाड़ी से तेज बहाव के साथ पानी नीचे आ गया। इससे इनोवा-ट्रैक्टर समेत 10 गाड़ियां बह गईं। आज भी सभी 75 जिलों में बारिश का अलर्ट है।

राजस्थान में शनिवार को 30 जिलों में आंधी के साथ ओले गिर सकते हैं। एक दिन पहले चूरू, हनुमानगढ़, बीकानेर, सीकर समेत 9 जिलों में तापमान 10 डिग्री तक गिर गया। पंजाब के पठानकोट में शनिवार सुबह ओले गिरे हैं। वहीं, मोहाली में तेज बारिश हुई।

### अमरनाथ यात्रा में

## 80 हजार जवानों की होगी तैनाती

ब्रह्मास्त्र » नई दिल्ली

अमरनाथ यात्रा को लेकर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। 3 जुलाई से शुरू होकर 28 अगस्त तक चलने वाली यात्रा के लिए 80 हजार से ज्यादा सुरक्षा कर्मियों की तैनाती होगी। इसे अमरनाथ यात्रा के लिए अब तक की सबसे बड़ी सुरक्षा तैनाती बताया जा रहा है। इसके लिए करीब 60 हजार अर्धसैनिक बल (लगभग 700 कंपनियां सीएपीएफ) जम्मू-कश्मीर लाए जाएंगे। इसके अलावा, राज्य में पहले से तैनात जम्मू-कश्मीर पुलिस और सेना के 20 हजार जवानों को भी यात्रा ड्यूटी में लगाया जाएगा। इस बार सुरक्षा बढ़ाने की एक वजह यह भी है कि यात्रा की अवधि करीब दो महीने कर दी गई है।

### पुणे जहरीली शराब कांड में 17 मौतों का राज

## मेथनॉल बना खामोश हत्यारा

ब्रह्मास्त्र » पुणे



महाराष्ट्र के पुणे और पिंपरी-चिंचवड़ क्षेत्र में जहरीली शराब पीने से हुई 17 से अधिक लोगों की मौत ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस दर्दनाक हादसे के बाद अवैध शराब में मिलाए जाने वाले खतरनाक रसायन मेथनॉल को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। शुरुआती जांच में सामने आया है कि सस्ती देसी शराब में मेथनॉल की मिलावट की गई थी, जिसके कारण कई लोगों की मौत हो गई जबकि अनेक लोग अस्पतालों में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि मेथनॉल ऐसा जहर है जो शरीर में पहुंचते ही तुरंत नहीं मारता, बल्कि धीरे-धीरे शरीर के महत्वपूर्ण अंगों को नष्ट करते हुए व्यक्ति को मौत के मुंह तक पहुंचा देता है।

पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार पुणे के फुगेवाड़ी और हडपसर क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लोगों ने स्थानीय स्तर पर बेची जा रही सस्ती शराब का सेवन किया था। शराब पीने के कुछ घंटों बाद लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। कई लोगों को तेज सिरदर्द, उल्टी, चक्कर और आंखों के सामने धुंधलापन महसूस हुआ। हालत गंभीर होने पर उन्हें अस्पतालों में भर्ती कराया गया, लेकिन कई लोगों की जान नहीं बचाई जा सकी। मृतकों में अधिकांश मजदूर और निर्माण कार्यों से जुड़े श्रमिक बताए जा रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार सामान्य शराब में इथेनॉल नामक अल्कोहल होता है, जिसे मानव शरीर सीमित मात्रा में सहन कर सकता है। इसके विपरीत मेथनॉल एक औद्योगिक रसायन है, जिसका उपयोग पेंट थिनर, एंटीफ्रीज, केमिकल उद्योग और अन्य औद्योगिक उत्पादों में किया जाता है।

# अब शिक्षकों को टीईटी पास करना अनिवार्य

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- बच्चों के भविष्य से समझौता नहीं, पात्रता परीक्षा जरूरी



ब्रह्मास्त्र » भोपाल

मध्यप्रदेश के डेढ़ लाख से ज्यादा शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा देनी ही पड़ेगी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को रिव्यू पिटीशनों पर फैसला सुनाते हुए कहा कि बच्चों के बेहतर शैक्षणिक विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षकों का टीईटी पास करना जरूरी है।

कोर्ट ने यह भी साफ किया कि यह फैसला सिर्फ मध्यप्रदेश तक सीमित नहीं है, बल्कि देशभर के इन-सर्विस शिक्षकों पर लागू होगा। जिन राज्यों में अब तक पुराने शिक्षकों को टीईटी से छूट मिली हुई थी, वहां भी अब यह आदेश प्रभावी माना जाएगा। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने राहत देते हुए परीक्षा पास करने की समय-सीमा 2 साल से बढ़ाकर 3 साल कर दी है। अब शिक्षकों को 31 अगस्त 2028 तक टीईटी पास करने का मौका मिलेगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि समीक्षा के अधीन आदेश में कोई त्रुटि नहीं है और याचिकाकर्ता राहत पाने के हकदार नहीं हैं। कोर्ट ने माना कि बड़ी संख्या में शिक्षकों की सेवा प्रभावित होने से शिक्षा व्यवस्था पर असर पड़ सकता है, लेकिन बच्चों का हित सर्वोपरि है। कोर्ट ने कहा कि कानून व्यवहारिक भी होना चाहिए। बच्चों की पढ़ाई की निरंतरता बनाए रखने के लिए सीमित राहत देते हुए टीईटी पास करने की समय-सीमा 2 साल से बढ़ाकर 3 साल की जा रही है।

#### सभी राज्यों को साल में दो बार टीईटी कराने के निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों को निर्देश दिए हैं कि टीईटी परीक्षा साल में कम से कम दो बार आयोजित की जाए। कोर्ट ने कहा कि शिक्षकों को पर्याप्त अवसर मिलना चाहिए। साथ ही स्पष्ट कर दिया कि अब आगे कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। इसके साथ ही सभी रिव्यू पिटीशन खारिज कर दी गईं।

#### पहले 2 साल की समय-सीमा तय की थी

सुप्रीम कोर्ट ने अंजुमन इशात-ए-तालीम ट्रस्ट मामले में इन-सर्विस शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य रखने का फैसला बरकरार रखा। इससे पहले 1 सितंबर 2025 के आदेश में कोर्ट ने दो साल के भीतर पात्रता परीक्षा पास करने को कहा था। अब इसमें एक साल की अतिरिक्त मोहलत दी गई है। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि टीईटी सिर्फ नौकरी की शर्त नहीं, बल्कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की संवैधानिक आवश्यकता है।

## कर्नाटक में संपत्ति विवाद के चलते 6 लोगों की हत्या

ब्रह्मास्त्र » विजयापुरा

कर्नाटक के विजयापुरा में संपत्ति विवाद के चलते शुक्रवार दोपहर 2 से 2:30 बजे के बीच गोविंदपुरा गांव में छह लोगों की हत्या कर दी गई। इनमें से पांच लोग एक ही परिवार के थे।

मृतकों की पहचान दुंडप्पा निरल (65), शिवपुत्र निरल (58), चंद्रकांत उर्फ चंदू निरल (55), राहुल निरल (25), समर्थ निरल (23) और शब्बीर अत्तार (45) के रूप में हुई है, जबकि इस घटना में अरविंद (72) और संदीप (33) नामक दो लोग घायल हुए हैं। पुलिस की शुरुआती जांच के मुताबिक, पीढ़ियों के परिवार और पास के गांव के एक अन्य परिवार के बीच करीब 10 एकड़ जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

### परियट नदी बनी जहरीला नाला

## 500 करोड़ की डेयरी अर्थव्यवस्था पर संकट

ब्रह्मास्त्र » जबलपुर

ऐतिहासिक परियट नदी, जिसे कभी ग्रामीण अंचल की जीवनरेखा और हजारों परिवारों की आजीविका का आधार माना जाता था, आज सरकारी उदासीनता और प्रशासनिक लापरवाही का प्रतीक बन चुकी है। वर्षों से अनियंत्रित प्रदूषण, अवैध अपशिष्ट प्रवाह और संरक्षण के अभाव ने इस नदी को एक गंदे और जहरीले नाले में बदल दिया है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब इसका असर केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि क्षेत्र की लगभग 500 करोड़ रुपये की डेयरी अर्थव्यवस्था भी गहरे संकट में पहुंच गई है। इसी गंभीर स्थिति का जायजा लेने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो स्वयं परियट नदी क्षेत्र और आसपास संचालित डेयरी इकाइयों का निरीक्षण करने पहुंचे। मौके पर जो तस्वीर सामने आई, उसने प्रशासनिक



दावों की पोल खोलकर रख दी।

निरीक्षण के दौरान प्रियंक कानूनगो ने नदी के विभिन्न हिस्सों का अवलोकन किया और स्थानीय पशुपालकों, डेयरी संचालकों तथा ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने पाया कि परियट नदी में वर्षों से गंदा पानी, सीवेज और विभिन्न प्रकार का अपशिष्ट लगातार छोड़ा जा रहा है। परिणामस्वरूप नदी का जल पूरी तरह प्रदूषित हो चुका है। कभी सिंचाई, पशुपालन और घरेलू उपयोग के लिए इस्तेमाल होने वाला यह पानी अब स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन गया है। नदी के कई हिस्सों में जल की गुणवत्ता इतनी खराब हो चुकी है कि उसका सामान्य उपयोग भी मुश्किल हो गया है।



## खबर एक नजर...

### डोडाचूरा तस्कर को 10 साल की सजा

**उज्जैन।** मादक पदार्थ डोडाचूरा का परिवहन करते हिरासत में आये तस्कर को न्यायालय ने 10 साल की सजा और 2 लाख रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। मीडिया सेल प्रभारी कुलदीपसिंह भदौरिया ने बताया कि एसटीएफ इकाई उज्जैन में पदस्थ एएसआई देवेंद्र सिंह कुशवाह को मुखबिर सूचना मिली कि एक ट्राला जिसके पीछे अंग्रेजी में राजपूत लिखा है, जिसका ओमप्रकाश विश्नोई तथा उसके साथ आगे ट्राले की पायलेटिंग कार का चालक सोमराज दोनों ही निवासी बीकानेर तरफ के ट्राले में खली कपास्या के बोरों के नीचे तथा कार में नीमच तरफ से अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा लेकर उज्जैन आये हुए हैं। जो आगर रोड़ से राजस्थान जाने वाले हैं, जिनका ट्राला खराब होने से मक्सी रोड़ पर खड़े हैं। सूचना पर एसटीएफ टीम ने दबिश देकर मक्सी रोड़ से ट्रक और कार को जप्त कर तलाशी ली थी। कार तथा ट्रक में रखे 40 बोरों से 8 क्विंटल डोराचूरा बरामद किया था। पुलिस द्वारा मामले में आरोपी ओमप्रकाश पिता धूराराम 39 वर्ष निवासी ग्राम सादोलाई थाना बज्जू जिला बीकानेर (राजस्थान) के खिलाफ धारा 8/15 सी सहपठित धारा 29 एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। सुनवाई पूरी होने पर विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) पवन कुमार पटेल ने फैसला सुनाते हुए आरोपी ओमप्रकाश पिता धूराराम को 10 साल कारावास और 2 लाख रुपए अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। प्रकरण में प्रभारी उप निदेशक अभियोजन राजेन्द्र कुमार खाण्डेगर के मागदर्शन में अभियोजन पैरवीकर्ता अधिकारी नितेश कृष्णन विशेष लोक अभियोजक के तर्कों से सहमत होकर आरोपी को न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया।

### ननि से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों का मुख्यालय में किया सम्मान

**उज्जैन।** नगर निगम से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को सम्मान समारोह शुक्रवार को निगम मुख्यालय में हुआ। निगम परिवार में सेवाकाल पूरा कर चुके कर्मचारियों हरिदास गंगादास भृत्य राजस्व विभाग अन्यकर, देवानंद बाबूलाल भृत्य स्वास्थ्य विभाग, सुरेश भाटी नियमित पीएचई विभाग, सेवाराम पिता रघुनाथ बिल वितरण कार्यभारित पीएचई विभाग, सुरेश पाठक पंप चालक कार्यभारित पीएचई विभाग, अमृतलाल पिता बाबूलाल सफाईकर्मी कार्यभारित पीएचई विभाग का शाल-श्रीफल और भगवत गीता भेंटकर सम्मान किया व प्रशस्ति पत्र दिए गए। एमआईसी सदस्य शिवेंद्र तिवारी, नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय, अपर आयुक्त पुनीत शुक्ला, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल ने कर्मचारियों का सम्मान किया। लेखा अधिकारी सरिता मांडरे, कर्मचारी संघ के नितिन मुसले, शैलेष नागर, दिलीप दवे सहित निगम कर्मचारी उपस्थित थे।

### संगोष्ठी में विक्रम विवि ने प्रस्तुत किया एआई शोधपत्र

**उज्जैन।** आईआईटी इंदौर ने आईसीआईटीएस आईएफ 2026 अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी आयोजित की। इसमें विक्रम विवि, उज्जैन के संकाय सदस्यों ने रोग प्रबंधन व रोकथाम में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका पर शोधपत्र प्रस्तुत किया। प्रस्तुति में डॉ. प्रवीण खिरवड़कर और प्रबंधन संकायाध्यक्ष धर्मेंद्र मेहता के साथ डॉ. सलिल सिंह और डॉ. केना भोंसले शामिल रहे। शोधपत्र में एआई के जरिए कैंसर की शुरूआती पहचान, जोखिम मूल्यांकन और पूवार्नुमान से जुड़े पहलुओं पर निष्कर्ष रखे गए। शोधकर्ताओं के अनुसार मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स और प्रेडिक्टिव मॉडलिंग से मरीजों के स्वास्थ्य आंकड़ों का विश्लेषण कर कैंसर जोखिम का अनुमान लगाया जा सकता है। इससे रोकथाम और उपचार में मदद मिल सकती है। संगोष्ठी में देश-विदेश के शिक्षाविद् व शोधकर्ता शामिल हुए। विशेषज्ञों ने शोधकार्य को स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई उपयोग की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।

---

**उज्जैन में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और श्रद्धालुओं की सुविधाओं में सुधार के लिए एक बड़ी योजना शुरू**

# 11 मंदिरों के विकास पर खर्च होंगे 1100 करोड़ रुपए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



उज्जैन में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और श्रद्धालुओं की सुविधाओं में सुधार के लिए एक बड़ी योजना शुरू की जा रही है। इसके तहत उज्जैन और आगर-मालवा के 11 प्रमुख मंदिरों के नवीनीकरण और सुविधाओं के विस्तार पर लगभग 1100 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस योजना की मुख्य विशेषता यह है कि देश में पहली बार 'टेंपल बॉन्ड' जारी किए जाएंगे।

संभागायुक्त आशीष सिंह ने प्रशासनिक संकुल में महत्वपूर्ण बैठक ली। इसमें उज्जैन कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक, यूडीए सीईओ संदीप सोनी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। आगर-मालवा कलेक्टर प्रीति यादव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़ी। इस योजना में उज्जैन के कालभैरव मंदिर, मंगलनाथ मंदिर, सांदीपनी आश्रम, नवग्रह मंदिर, 84 महादेव मंदिर, अंगारेश्वर महादेव मंदिर, भूखी माता मंदिर, गढ़कालिका मंदिर और सिद्धवट मंदिर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, आगर-मालवा के मां बगलामुखी मंदिर को भी इसमें जोड़ा गया है।

### श्रद्धालुओं को बढ़ाई जाएंगी सुविधाएं

- इन मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए पार्किंग क्षेत्र, पेयजल व्यवस्था, यात्री सुविधा केंद्र, सड़क और मार्ग विकास, लाइटिंग तथा सुरक्षा व्यवस्था जैसे कार्य किए जाएंगे। सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए इन धार्मिक स्थलों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है, ताकि सिंहस्थ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालु इनका लाभ उठा सकें।
- इस परियोजना के लिए कुल 1100 करोड़ रुपए की राशि जुटाई जाएगी। इसमें से 200 करोड़ रुपए 'टेंपल बॉन्ड' के माध्यम से जुटाने की योजना है। इसके अतिरिक्त, 275 करोड़ रुपए अर्बन चैलेंज फंड से और लगभग 625 करोड़ रुपए बैंकों से प्राप्त किए जाएंगे। ये 'टेंपल बॉन्ड' 10 साल की अवधि के लिए जारी किए जाएंगे।
- संभागायुक्त आशीष सिंह ने निर्देश दिए हैं कि 'टेंपल बॉन्ड' जारी करने की प्रक्रिया 15 जुलाई तक पूरी कर ली जाए, ताकि इन्हें 31 जुलाई तक लॉन्च किया जा सके।
- इस योजना से उज्जैन और आसपास के धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही, इससे पर्यटन, होटल कारोबार, परिवहन और स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। सिंहस्थ-2028 में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए यह योजना अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

---

**नौतपा के छठे दिन भीषण गर्मी से मिली राहत; कई दिनों बाद तापमान गिरा**

# सुबह तेज बारिश, ठंडी हवाएं भी चलीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





उज्जैन में नौतपा के छठे दिन शनिवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ली। तेज बारिश के साथ ठंडी हवाएं चलीं, जिससे शहरवासियों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली। कई दिनों बाद तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई।

पिछले चार दिनों से उज्जैन भीषण गर्मी की चपेट में था। शासकीय जीवाजी वेधशाला के आंकड़ों के अनुसार, आज सुबह का तापमान 27 डिग्री रहा। 28 मई को अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। 29 मई को यह 40 डिग्री था। न्यूनतम तापमान भी 27 से 28 डिग्री के बीच बना हुआ था, जिससे रात में भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही थी।

इन दिनों सुबह की आर्द्रता 63 से 71 प्रतिशत के बीच और शाम की आर्द्रता 24 से 30 प्रतिशत तक दर्ज की गई थी। हवाओं की गति भी सामान्य बनी हुई थी। लगातार तेज धूप और लू जैसे हालात के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो रहा था।

शनिवार सुबह मौसम में बदलाव के बाद तापमान में उल्लेखनीय गिरावट महसूस की गई। सुबह करीब 7 बजे तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने दिन का अधिकतम तापमान 37 से 39 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान जताया है। विभाग ने रात में भी बारिश की 44 प्रतिशत संभावना व्यक्त की है। बारिश शुरू होते ही सड़कों पर लोगों ने गर्मी से राहत का अनुभव किया। शहरवासियों ने इसे नौतपा के बीच एक बड़ी राहत बताया। हालांकि, मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अभी पूरी तरह गर्मी से राहत मिलने में समय लग सकता है।

---

# बैंक ग्यारंटी के नाम पर 1.41 करोड़ की धोखाधड़ी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



बैंक ग्यारंटी के नाम पर 1.41 करोड़ की धोखाधड़ी का बड़ा मामला सामने आया है। हेल्थ केयर प्रायवेट लिमिटेड के प्लांट हेड की शिकायत पर पुलिस ने 2 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। धोखाधड़ी करने वालों की तलाश में एक टीम इंदौर भेजी जायेगी।

नागझिरी थाना एसआई रामप्रसाद वैद्य ने बताया कि उद्योगपुरी क्षेत्र में बोकेम हेल्थकेयर प्रायवेट लिमिटेड के सुनील जैन को परिचित इस्लाम पटेल निवासी खजराना इंदौर ने वर्ष 2024 में इंदौर के रहने वाले जितेन्द्र वर्मा और अनिकेत संतोषी से मिलवाया था। इस्लाम ने बताया था कि दोनों बैंक से जुड़े है और बैंक ग्यारंटी बनाने का काम करते थे। सुनील जैन ने दोनों से संपर्क जारी रखा और अपनी हेल्थ केयर लिमिटेड की ग्यारंटी तैयार करने को कहा। दोनों ने ग्यारंटी तैयार करने के नाम पर अलग-अलग समय पर 1 करोड़ 41 लाख 50 हजार रुपए ले लिये और फर्जी बैंक ग्यारंटी बनाकर वाट्सएप पर भेज दी। सुनील जैन ने विश्वास कर लिया। लेकिन कुछ दिनों पहले पता चला कि उक्त बैंक ग्यारंटी फर्जी है। दोनों ने करोड़ों की धोखाधड़ी की है। सुनील जैन ने मामले की शिकायत बोकेम हेल्थकेयर के प्लांट हेड रामस्वरूप प्रजापती के माध्यम से शिकायती आवेदन पुलिस को दिया। लम्बी जांच प्रक्रिया के बाद पुलिस ने मामले में गुरूवार रात धोखाधड़ी करने वाले जितेन्द्र वर्मा और अनिकेत संतोषी के खिलाफ धारा 420, 34 का प्रकरण दर्ज कर लिया। बताया जा रहा है कि दोनों धोखेबाजों से मिलवाने वाले इस्लाम पटेल का निधन हो चुका है। एसआई वैद्य के अनुसार दोनों आरोपियों के गिरफ्त में आने पर पूरे मामले का खुलासा हो पायेगा। वहीं मामले से जुड़े अन्य आरोपियों की जानकारी भी सामने आ सकती है।

---

**उज्जैन में जल संकट के बीच जेसीबी ने फोड़ी पाइपलाइन**

# कई इलाकों में बहा पानी, कंपनी पर 5 लाख रुपए की पेनल्टी लगाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



उज्जैन में शुक्रवार सुबह करीब 4:30 जेसीबी की खुदाई के दौरान गंभीर की मेन पाइपलाइन फूट गई। जिससे लाखों गैलन पानी कई घंटों तक बहता रहा। घटना के दौरान पीएचई विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं थे। मामले में नगर निगम आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए संबंधित कंपनी पर 5 लाख रुपए की पेनल्टी लगाई, लेकिन निगरानी में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। हालांकि, दोपहर 12 बजे मेन पाइपलाइन जोड़ दी गई।

जानकारी के अनुसार, शहर की जल आपूर्ति व्यवस्था सुधारने के लिए करीब 11 अरब रुपए की हरियाखेड़ी परियोजना के तहत पाइपलाइन बिछाने का काम चल रहा है। इसी दौरान लापरवाही के कारण गंभीर की मेन राइजिंग लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पाइपलाइन फूटने से पुराने शहर के केवल 20 प्रतिशत घरों में ही पानी की सप्लाई हो सकी। बताया गया कि खुदाई के समय इंजीनियर मौके पर मौजूद नहीं था। इसी वजह से जेसीबी चालक ने गंभीर की मेन राइजिंग लाइन तोड़ दी। स्थानीय रहवासियों ने आरोप लगाया कि प्रोजेक्ट से जुड़े सब इंजीनियर मौके पर मौजूद नहीं थे, जबकि उन्हें वहां रहना चाहिए था।

जिस स्थान पर नई पाइपलाइन डाली जा रही थी, उसके पास से ही गंभीर की मेन राइजिंग लाइन गुजर रही थी। लाइन फूटते ही सैकड़ों गैलन पानी बह निकला। जल सप्लाई प्रभावित होने की सूचना मिलने पर एमआईसी सदस्य रजत मेहता और शिवेंद्र तिवारी भी मौके पर पहुंचे।

उज्जैन
शनिवार
30
मई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

श्लोकार्धेन प्रवक्ष्यामि यदुक्तं ग्रन्थकोटिभिः।
परोपकारः पुण्याय पापाय परपीडनम्॥
अर्थः जो करोडो ग्रंथों में कहा है, वह मैं आधे श्लोक में कहता हूँ, परोपकार पुण्यकारक है, और दूसरे को पीडा देना पापकारक है।

## खबर एक नजर...

### सौतेले पिता ने 12 साल की बेटी से की छेड़छाड़, साली से भी कर चुका है हरकत

इंदौर। इंदौर में 12 साल की लड़की की शिकायत पर पुलिस ने उसके सौतेले पिता के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पीड़िता के मुताबिक, आरोपी आए दिन उसके साथ गलत हरकत करता था। दो दिन पहले जब उसकी हरकतें बढ़ गईं, तब उसने पूरी घटना मां को बताई। इसके बाद महिला बेटी को लेकर थाने पहुंची। हीरानगर थाना प्रभारी सुशील पटेल ने बताया कि इलाके में रहने वाली छात्रा अपनी मां के साथ थाने पहुंची थी। छात्रा ने शिकायत में बताया कि उसका सौतेला पिता उसके साथ गलत हरकतें करता है। 26 मई की रात भी आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। डर की वजह से बच्ची चुप रही, लेकिन शुक्रवार को उसने मां को पूरी बात बता दी। बताया जा रहा है कि पीड़िता के पहले पिता की मौत के बाद उसकी मां ने दूसरी शादी की थी। पीड़िता की मां ने बताया कि कुछ दिन पहले वे दोनों बाणगंगा इलाके में उसकी बहन के घर गए थे। वहां भी पति ने अपनी साली के साथ गलत हरकत की थी। मामले में बाणगंगा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी।

### नकली बायो डीजल बेचने वाला पंप सील, 6 हजार लीटर जब्त

इंदौर। देपालपुर के मेथवाड़ा स्थित एक बायो डीजल पंप से नकली की आशंका में 6 हजार लीटर बायो डीजल जब्त किया गया है। इसके बाद पंप की बिक्री बंद कर डिस्पेंसिंग यूनिट और भूमिगत टैंक सील कर दिए गए। जब्त तेल की कीमत करीब 4.20 लाख रुपए आंकी गई है। जांच के दौरान मे. इंदौर बायो एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, मेथवाड़ा (देपालपुर) के संचालन में अनियमितताएं मिलीं। अधिकारियों के अनुसार पंप संचालक अधिकृत लाइसेंस प्राप्त कंपनियों के बजाय अनधिकृत फर्मों से बायो डीजल की सप्लाय लेते पाए गए।

### लॉरेंस गैंग का 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

इंदौर। लॉरेंस बिश्नोई गैंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ने 25 हजार के इनामी और फरार बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर एसटीएफ की ओर से 15 हजार और क्राइम ब्रांच इंदौर की ओर से 10 हजार रुपए का इनाम घोषित था। डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी के अनुसार पकड़ाया बदमाश राहुल सिंह राठौर उर्फ बाबा निवासी ग्राम बिजाना थाना औद्योगिक केंद्र जिला देवास है। क्राइम ब्रांच को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े आरोपी शहर के व्यापारियों और व्यवसायियों को धमकाकर अवैध वसूली कर रहे हैं। मामले में आरोपी राजपाल चंदावत से पूछताछ में राहुल सिंह का नाम सामने आया था। उसकी तलाश में टीमों ने कई जगह दबिश दी थी। पता चला कि वह देवास नाका इलाके में आया हुआ है तो उसे टीआई नीरज मेड़ा की टीम ने घेराबंदी कर गिरफ्तार लिया है। जानकारी अनुसार राहुल गैंग के मुख्य सरगना राजपाल चंदावत का करीबी था। वह व्यापारियों को धमकाना, हथियार उपलब्ध कराने और फायरिंग व रैकी के लिए लड़कों की व्यवस्था करने का काम करता था। उसने कई लड़कों को जोड़ रखा था। राहुल और राजपाल तीन लेयर में काम करते थे। पहली लेयर में व्यापारियों की रैकी, दूसरी लेयर में युवा धमकियां देने के लिए आगे आते, जबकि तीसरी लेयर के लोग हवाई फायरिंग और व्यापारियों को नुकसान पहुंचाते थे। पूछताछ में पता चला कि वह गैंग के सदस्यों के बीच पैसों के लेन-देन का समन्वय करता था।

### खाद्य विभाग ने बंद कराई बेकरी, बिना लाइसेंस के काम कर रहे थे कर्मचारी

# इंदौर में सड़े आलू से बनते मिले बेक समोसे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने शहर के विभिन्न बेक समोसा बनाने वाले प्रतिष्ठानों पर जांच अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान छोटा बांगड़दा स्थित आदित्य राज बेकरी में गंभीर अनियमितताएं मिलने पर प्रतिष्ठान का खाद्य कारोबार मौके पर ही बंद करा दिया गया।

खाद्य विभाग की टीम ने बेक समोसा, क्रीम रोल, चटनी, नमकीन और व्हिप क्रीम के नमूने जांच के लिए लिए।

**कर्मचारियों का मेडिकल फिटनेस भी नहीं-** निरीक्षण के दौरान बेकरी में बेहद अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य सामग्री तैयार होती पाई गई। टीम को मौके पर प्रतिष्ठान का वैध खाद्य लाइसेंस भी उपलब्ध नहीं मिला। परिसर में चारों ओर गंदगी फैली हुई थी और काम कर रहे कर्मचारियों के मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र भी नहीं पाए गए।

जांच में बिना लेबल लगी सॉस और ग्रीन चटनी का उपयोग होते मिला। वहीं बेक समोसे में इस्तेमाल होने वाला आलू का मसाला सड़ा हुआ पाया गया।

खाद्य विभाग ने मौके पर ही लगभग 300 बेक समोसे, सड़ा आलू मसाला, 10 बोतल चटनी और केक नष्ट करवाए।



#### कच्ची खाद्य सामग्री गंदगी में रखी

निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि परिसर की टाइल्स टूटी हुई थीं और कच्ची खाद्य सामग्री गंदगी वाले स्थान पर जमीन पर रखी गई थी। पीछे के हिस्से में खराब और अनुपयोगी सामग्री पड़ी मिली, जहां से तेज दुर्गंध आ रही थी। गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए विभाग ने तत्काल प्रतिष्ठान का संचालन बंद करवा दिया। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत संबंधित प्रतिष्ठान को नोटिस जारी किया जा रहा है। निर्धारित समय में सुधार नहीं किए जाने पर खाद्य लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई की जाएगी।

#### अन्य प्रतिष्ठानों से भी लिए गए सैंपल

कार्रवाई के दौरान स्कीम नंबर-103 स्थित सुख सिस्टर बेकरी से भी बेक समोसे का सैंपल जांच के लिए लिया गया। इसके अलावा अन्य प्रतिष्ठानों से बेक समोसा, क्रीम रोल, चटनी, नमकीन और व्हिप क्रीम के नमूने लेकर राज्य खाद्य परीक्षण लैब भेजे जा रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि यदि किसी खाद्य प्रतिष्ठान में गंदगी, मिलावट, बिना लाइसेंस कारोबार या अन्य अनियमितता दिखाई दे तो इसकी शिकायत तत्काल कलेक्टर हेल्पलाइन 0731-181 पर करें, ताकि त्वरित जांच और कार्रवाई की जा सके।

# दो कारों की भिड़ंत, एक कार पलटी

### एयर बैग खुलने से बची जान, हादसे के बाद युवतियां मौके से भागीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के बीआरटीएस स्थित रसोमा चौराहे पर देर रात तेज रफ्तार दो कारों की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक कार दो पलटियां खा गई। हादसे में एक कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे लोगों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, एक कार से शराब की बोतलें भी मिली हैं।

विजय नगर टीआई चंद्रकांत पटेल के अनुसार, शुक्रवार देर रात करीब 3 बजे दो कारें आपस में टकरा गईं। मामले में एक पक्ष के अभिषेक पिता लखन जायसवाल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक कार मेदांता हॉस्पिटल की ओर से तेज रफ्तार में आ रही थी, जबकि दूसरी कार एलआईजी की तरफ से आ रही थी। रसोमा चौराहे पर दोनों वाहनों की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद एलआईजी की ओर से आ रही कार अनियंत्रित होकर दो पलटियां खा गई। हादसे की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग घरों और दुकानों से बाहर निकल आए। लोगों ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहन उज्जैन के थे। हादसे में कार सवार देव चौहान गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके कंधे में फ्रैक्चर बताया जा रहा है। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे कार से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक कार में कुछ युवतियां सवार थीं। कार के अंदर शराब की तीन बोतलें भी मिलीं। बताया जा रहा है कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही युवतियां मौके से चली गईं। हालांकि कार का एयरबैग खुल जाने से किसी को गंभीर चोट नहीं आई।



# महिला से वसूले 4.50 लाख

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में एक महिला की शिकायत पर क्राइम ब्रांच ने साइबर फ्रॉड और ब्लैकमेलिंग का मामला दर्ज किया है। महिला के मुताबिक, 40 हजार रुपए के लोन के बदले उससे 4 लाख 50 हजार रुपए वसूले गए। वहीं आरोपियों ने उसके फोटो एडिट कर अश्लील बनाए और उन्हें परिवार के लोगों को भी भेज दिया।

साइबर पुलिस ने बाणगंगा क्षेत्र में रहने वाली हर्षिता नामक महिला की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की है। महिला ने बताया कि अक्टूबर 2025 में पारिवारिक कारणों से उसे लोन की आवश्यकता थी। उसे प्ले स्टोर पर एक ऐप के बारे में जानकारी मिली, जिसके बाद उसने क्रेडिट लीफ नामक एप्लिकेशन डाउनलोड कर 7 दिन के लिए 40 हजार रुपए का लोन लिया।

लोन चुकाने की अंतिम तारीख से पहले ही पीड़िता को व्हाट्सएप पर कॉल आने लगे। कॉल करने वाले अंतरराष्ट्रीय नंबरों का इस्तेमाल कर रहे थे। जब उसने कॉल रिसीव किया तो आरोपी तत्काल लोन चुकाने के लिए धमकाने लगे। उन्होंने संदेश भेजकर कहा कि उसके मोबाइल में मौजूद फोटो और वीडियो को एडिट कर अश्लील बनाकर लोगों को भेज दिया जाएगा। इसके बाद उन्होंने 80 हजार रुपए की मांग की। पीड़िता ने डर के कारण ऑनलाइन रुपए ट्रांसफर कर दिए। इसके बावजूद आरोपियों की मांगें नहीं रुकीं। कॉल करने वालों ने पीड़िता के फोटो एडिट कर उसके परिचितों और रिश्तेदारों को भेज दिए। इसके बाद परिचितों के फोन भी पीड़िता के पास आने लगे।

# छावनी में कार्रवाई का विरोध: जनहित पार्टी की 'न्याय रैली' आज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर


**बिना मुआवजा और सहमति कार्रवाई का आरोप**

इंदौर के छावनी क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर की गई तोड़फोड़ को लेकर अब राजनीतिक विरोध तेज होने लगा है।

जनहित पार्टी ने नगर निगम और प्रशासन की कार्रवाई को अमानवीय बताते हुए इसके विरोध में शनिवार शाम 7 बजे न्याय रैली निकालने की घोषणा की है। पार्टी का आरोप है कि बिना सहमति और बिना उचित मुआवजा दिए लोगों के घर और दुकानें तोड़ी गईं।

पार्टी का कहना है कि इंदौर की 136 साल पुरानी छावनी बसाहट को विकास के नाम पर मलबे में तब्दील कर दिया गया। आरोप लगाया गया कि कार्रवाई इतनी जल्दबाजी में की गई कि लोगों को अपने घरों से सामान तक निकालने का समय नहीं मिला। जबकि कई रहवासियों के पास संपत्तियों की वैध रजिस्ट्री मौजूद है। पार्टी ने दावा किया कि नियमानुसार प्रभावित लोगों को कम से कम सात दिन का समय दिया जाना चाहिए था, लेकिन केवल दो दिन पहले सूचना देकर भारी पुलिस बल और मशीनों के साथ तोड़फोड़ शुरू कर दी गई।

आरोप यह भी लगाया गया कि जहां 10 फीट तक निर्माण हटाया जाना था, वहां कई जगहों पर 20 फीट तक मकान तोड़ दिए गए। शहर के पुराने और बसे-बसाए क्षेत्र जैसे बियाबानी, गणेशगंज, खजूरी बाजार और शीतला माता बाजार पहले ही विकास प्रोजेक्ट की भेंट चढ़ चुके हैं। अब और पुराने क्षेत्रों को नष्ट नहीं किया जाना चाहिए। पार्टी के कार्यकर्ता शनिवार शाम 7 बजे न्याय रैली निकालकर नगर निगम की कार्रवाई का विरोध करेंगे।



#### रैली में प्रमुख मांगें

- एफएआर और टीडीआर जैसे कानूनों को समाप्त किया जाए।
- पुश्तैनी और रजिस्ट्री वाले मकानों के लिए बाजार मूल्य से दोगुना मुआवजा दिया जाए।
- सरकार की मनमानी और दमनात्मक कार्रवाई बंद हो।
- शहर में हरियाली, स्वच्छ हवा और जल संरक्षण को प्राथमिकता दी जाए।
- छोटे व्यापारियों, ठेले और फेरी वालों के रोजगार सुरक्षित रखे जाएं।
- बस स्टैंड, आरटीओ और न्यायालय जैसी जनसुविधाएं शहर के भीतर ही संचालित हों।
- पार्टी ने नागरिकों से अपील की है कि वे शहरहित में आगे आएं और अपनी आवाज सरकार तक पहुंचाएं, क्योंकि यदि लोग चुप रहे तो भविष्य में अन्य क्षेत्रों को भी इसी तरह की कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

## खबर एक नजर...

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आज लगेगा निशुल्क दंत व मुख परीक्षण शिविर

**उज्जैन।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस 31 मई के उपलक्ष्य में इंडियन डेंटल एसोसिएशन उज्जैन शाखा द्वारा शनिवार 30 मई को निशुल्क दंत एवं मुख परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर संजीवनी अस्पताल में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगेगा। इंडियन डेंटल एसोसिएशन उज्जैन शाखा के अध्यक्ष डॉ. निहित सिंह राणा के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में शहर के वरिष्ठ दंत चिकित्सक मरीजों के मुख और दांतों की जांच कर आवश्यक परामर्श देंगे। यह स्वास्थ्य शिविर तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट और गुटखा का सेवन करने वालों के लिए विशेष रूप से लाभकारी रहेगा। शिविर में मुख कैंसर की प्रारंभिक जांच की जाएगी, जिससे समय रहते इस गंभीर बीमारी की पहचान कर इससे बचाव किया जा सके। जांच व परामर्श के अलावा विशेषज्ञों द्वारा लोगों को तंबाकू की लत छोड़ने के उपाय भी विस्तार से बताए जाएंगे। संस्था ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने की अपील की है। शिविर में इंडियन डेंटल एसोसिएशन उज्जैन के सचिव डॉ. अंकित बाबर, कोषाध्यक्ष डॉ. अपूर्व धारीवाल के साथ ही संजीवनी अस्पताल की ओर से डॉ. तुषार बंसल, डॉ. मोनिका श्रीवास्तव और डॉ. नमिता अग्रवाल विशेष रूप से सहयोग देंगे।

### उज्जैन की स्वरा ने राष्ट्रीय स्पेलबी प्रतियोगिता में लहराया परचम

उज्जैन। जिले की प्रतिभाशाली छात्रा स्वरा गुप्ता ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित स्पेलबी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शहर का मान बढ़ाया है। पांचवीं कक्षा की इस छात्रा ने देश के सभी विद्यार्थियों के बीच 26वां स्थान और अपनी कक्षा (पांचवीं) के सभी विद्यार्थियों में देशभर में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इस स्पर्धा में मुख्य रूप से अंग्रेजी के कठिन शब्दों की स्पेलिंग, शब्द ज्ञान और विद्यार्थियों के भाषाई कौशल का कड़ा परीक्षण किया जाता है। देवास रोड स्थित ज्ञानसागर अकादमी की छात्रा स्वरा की इस सफलता से उनके परिवार और विद्यालय में खुशी का माहौल है। स्वरा के पिता पंकज गुप्ता और माता प्रियंका गुप्ता के साथ ही दादा सुरेश प्रसाद और दादी सुषमा ने भी उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है।

### सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में आत्महत्या रोकथाम पर संभाग स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

# विद्यार्थियों में बढ़ती आत्महत्या रोकने के लिए शिक्षण संस्थानों को बनना होगा आनंद का स्रोत






### मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक बदलाव और शिक्षकों की भूमिका पर विशेषज्ञों ने किया मंथन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विद्यार्थियों में बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं को रोकने के लिए शिक्षण संस्थानों को नीरसता त्यागकर खुद को जीवन संस्था और आनंद के स्रोत के रूप में बदलना होगा। आनंद मंत्रालय की अपेक्षाओं के अनुरूप मापदंड स्थापित करने होंगे। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इस मामले में संज्ञान लेना समस्या की गंभीरता को दर्शाता है। यह बात कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने शुक्रवार को सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती सभागार में कही। वे विद्यार्थियों की आत्महत्या की रोकथाम के लिए आयोजित संभाग स्तरीय एक-दिवसीय सेंसिटाइजेशन कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। यह आयोजन क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा उज्जैन संभाग और विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता न्यायाधीश एवं जिला रजिस्ट्रार अनुराग शर्मा ने सर्वोच्च न्यायालय के विभिन्न मामलों और देश में आत्महत्या के आंकड़ों का तथ्यात्मक हवाला देते हुए रोकथाम के लिए शिक्षकों से आगे आने का आह्वान किया। डॉ. अंकुर गुप्ता ने बताया कि प्रारंभिक जीवन में हार्मोन, विटामिन, खनिज और हाइड्रेशन का असंतुलन मानसिक समस्याओं का बड़ा कारण है। उन्होंने शुरू से ही नियमित मेडिकल चेकअप की आवश्यकता बताते हुए कहा कि पीएचक्यू-9 प्रश्नोत्तरी से मानसिक स्वास्थ्य की जांचा जा सकता है। मानसिक सुधार के लिए टेक ब्लैकआउट, माइक्रो ब्रेक और सूर्य का प्रकाश आवश्यक है। मुख्य अतिथि एवं कार्यपरिषद सदस्य राजेश सिंह कुशवाह ने कहा कि प्रथम आने की होड़, कक्षाओं में अनुपस्थिति और क्षणिक आवेश आत्महत्या के बड़े कारण हैं। मित्र, रिश्तेदार, शिक्षक और माता-पिता अपनी जिम्मेदारी निभाकर विद्यार्थियों को अवसाद में जाने से बचा सकते हैं।

# राज्य कर्मचारी संघ ने किया विभिन्न विभागीय समितियों का गठन

### कार्य विस्तार के लिए हुई पदाधिकारियों की नियुक्ति, वरिष्ठों ने दिया मार्गदर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने संगठन के कार्य विस्तार के उद्देश्य से विभिन्न विभागों में विभागीय समितियों का गठन किया है। संघ की बैठक में नवीन पदाधिकारियों को मनोनीत कर उन्हें संगठन की रीति-नीति के अनुसार कार्य करने का मार्गदर्शन दिया गया।

बैठक में स्वास्थ्य विभागीय समिति में विकास राजपूत को संयोजक तथा मिथिलेश शर्मा व दिलीप बोटके को सह-संयोजक बनाया गया है। इसी तरह नर्सिंग कैडर में डॉ. निहारिका श्रीवास्तव संयोजक व योगेश शर्मा सह-संयोजक, कलेक्टर कार्यालय समिति में महेश नागर संयोजक व अश्विन पांड्या सह-संयोजक, जिला पंचायत में पंकज तिलवणकर सह-संयोजक, वाणिज्य कर विभाग में अभिलेख त्यागी संयोजक व हिमांशु नागर सह-संयोजक तथा पीएचई विभाग में मोहन विश्वकर्मा को संयोजक मनोनीत किया गया है।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक पुरोहित, प्रदेश संगठन मंत्री मनोहर गिरी, संभागीय अध्यक्ष मांगीलाल पाटीदार, जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, कार्यकारी अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ठाकुर, जिला सचिव राम सिंह बनिहार, संगठन मंत्री चंद्रकांत फटाले, रमेश श्रीवैयां और संभागीय कोषाध्यक्ष परशुराम कपाड़िया ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए संगठन हित में कार्य करने का आह्वान किया।

# जेसीबी ने फोड़ी पाइपलाइन, कई इलाकों में बहा पानी; कंपनी पर 5 लाख रुपए की पेनल्टी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



उज्जैन में शुक्रवार सुबह करीब 4:30 जेसीबी की खुदाई के दौरान गंभीर की मेन पाइपलाइन फूट गई। जिससे लाखों गैलन पानी कई घंटों तक बहता रहा। घटना के दौरान पीएचई विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं थे। मामले में नगर निगम आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए संबंधित कंपनी पर 5 लाख रुपए की पेनल्टी लगाई, लेकिन निगरानी में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। हालांकि, दोपहर 12 बजे मेन पाइपलाइन जोड़ दी गई।

जानकारी के अनुसार, शहर की जल आपूर्ति व्यवस्था सुधारने के लिए करीब 11 अरब रुपए की हरियाखेड़ी परियोजना के तहत पाइपलाइन बिछाने का काम चल रहा है। इसी दौरान लापरवाही के कारण गंभीर की मेन राइजिंग लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पाइपलाइन फूटने से पुराने शहर के केवल 20 प्रतिशत घरों में ही पानी की सप्लाई हो सकी।

बताया गया कि खुदाई के समय इंजीनियर मौके पर मौजूद नहीं था। इसी वजह से जेसीबी चालक ने गंभीर की मेन राइजिंग लाइन तोड़ दी। स्थानीय रहवासियों ने आरोप लगाया कि प्रोजेक्ट से जुड़े सब इंजीनियर मौके पर मौजूद नहीं थे, जबकि उन्हें वहां रहना चाहिए था। जिस स्थान पर नई पाइपलाइन डाली जा रही थी, उसके पास से ही गंभीर की मेन राइजिंग लाइन गुजर रही थी। लाइन फूटते ही सैकड़ों गैलन पानी बह निकला। जल सप्लाई प्रभावित होने की सूचना मिलने पर एमआईसी सदस्य रजत मेहता और शिवेंद्र तिवारी भी मौके पर पहुंचे।

# पापा की परी नहीं शेरनी बनेंगी बेटियां मार्शल आर्ट में बच्चों ने जीते 80 मेडल

### नारी शक्ति बाल भारती व्यायामशाला के शिविर का समापन 25 गोल्ड 25 सिल्वर और 30 ब्रॉन्ज पर कब्जा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर की बेटियों को 'पापा की परी' के बजाय शेरनी बनाने के उद्देश्य से नारी शक्ति बाल भारती व्यायामशाला अखाड़ा एक्सीलेंस डिफेंस मार्शल आर्ट अकादमी द्वारा 28 मई को भव्य मार्शल आर्ट सेमिनार और प्रदर्शन का आयोजन किया गया। चैरिटेबल हॉस्पिटल के पीछे वामेश्वर महादेव मंदिर स्थित गोल्डन ग्रुप गार्डन में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने आत्मरक्षा के शानदार गुर दिखाते हुए 80 मेडल अपने नाम किए।

एक मई से चल रहे ग्रीष्मकालीन शिविर के समापन पर यह आयोजन हुआ। 14 साल के अनुभव वाली नेशनल खिलाड़ी और सेकंड ब्लैक बेल्ट कोच पूजा चौहान के नेतृत्व में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। सेमिनार में हिस्सा लेने वाले 80 बच्चों में से 25 ने गोल्ड, 25 ने सिल्वर और 30 बच्चों ने ब्रॉन्ज मेडल जीते। सभी बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि कोच पूजा पिछले दो महीने से अकेले ही बच्चों को प्रशिक्षण देने के साथ आयोजन की रूपरेखा तैयार कर रही थीं।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंकित चौबे उपस्थित थे। वहीं, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ओपी हरोड़ विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अखाड़े के अध्यक्ष गुड्डू ठाकुर, सचिव व नाड़ी वैद्य डॉ. भारती वर्मा और उपाध्यक्ष दिलीप राठौर के अलावा बम बम बाबा की टीम के रोहित भाई साहब, मल्हार मंदिर के पंडित जी अनिल सर, नारी ज्योतिष व भाजपा नेत्री मंजू कसेरा, अर्पित गोयल, मनोज, दीपिका प्रजापत, डिंपल राजोरिया, कल्पना, बादल सिंह चौहान, एमपी लाठी के अरविंद जोशी, तृप्ति अग्रवाल, मंजू जैन, वंदना जैन, सपना सांखला और बंदूक वाले पंडित की टीम से रितिक गुरुजी व उनके बड़े भाई अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कोच पूजा को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

आयोजन की पूरी व्यवस्था बच्चों ने ही संभाली। सुहाना प्रजापत, समीक्षा मालवीय, नैंसी जाटव, लावन्या भावसार, शुभी, माही, साक्षी, ऐश्वर्या मालवीय, तोषी, अंजलि प्रजापत और आदित्य प्रजापत ने कार्यक्रम का शानदार प्रबंधन किया। आयोजकों ने संदेश दिया कि वर्तमान समय में लड़के और लड़कियों दोनों के लिए आत्मरक्षा के गुर सीखना बेहद जरूरी है। शिक्षा के साथ स्वास्थ्य और आत्मरक्षा विद्या भी दिनचर्या का हिस्सा होनी चाहिए।

अकादमी द्वारा 1 से 30 जून तक सुबह 8 से 9:30 बजे तक नया प्रशिक्षण शिविर शुरू किया जा रहा है। इच्छुक अभिभावक शिविर स्थल या मोबाइल नंबर 7000453098 पर संपर्क कर सकते हैं।

# प्रदूषित जल से गोवर्धन सागर में मरी सैकड़ों मछलियां





## ऑक्सीजन की कमी और दुर्गंध से क्षेत्रवासी परेशान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नगरकोट बुधवारिया स्थित गोवर्धन सागर तालाब में जल प्रदूषण का गंभीर असर देखने को मिल रहा है। तालाब के दूषित पानी के कारण शुक्रवार को सैकड़ों मछलियां मर गईं। बताया जा रहा है कि पानी में ऑक्सीजन की कमी होने से मछलियों की मौत हुई। बड़ी संख्या में मरी हुई मछलियां तालाब के किनारों पर दिखाई दीं, जिन्हें बाद में बाहर निकाला गया।

स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले कुछ समय से तालाब का पानी लगातार दूषित हो रहा है। गंदे पानी और कचरे के कारण तालाब की स्थिति बिगड़ती जा रही है। शुक्रवार सुबह जब लोगों ने तालाब के किनारे बड़ी संख्या में मरी मछलियां देखीं तो क्षेत्र में चिंता का माहौल बन गया। मछलियों के मरने से तालाब के आसपास दुर्गंध फैल गई, जिससे वहां रहने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि तालाब की नियमित सफाई नहीं होने और प्रदूषित पानी की निकासी तालाब में होने से यह स्थिति बनी है। जल में ऑक्सीजन का स्तर कम होने के कारण जलीय जीवों का जीवन संकट में पड़ गया है। लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि यदि समय रहते तालाब के पानी को साफ नहीं कराया गया तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है। इससे पर्यावरण के साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ सकता है।

## खबर एक नजर...

### सैनिकों को दी आपदा प्रबंधन की ट्रेनिंग

**उज्जैन।** एनसीसी के 10दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी) के अष्टम दिवस सम्राट विक्रमादित्य विश्व विद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संस्थान में गुरुवार को छात्र सैनिकों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के अंतर्गत छात्र सैनिकों ने प्राथमिक उपचार देना, सीपीआर देना, पट्टी करना, डूबने पर बचाव करना, अग्नि के प्रकार एवं श्रेणी, बुझाने के उपाय, भूकंप की स्थिति अथवा भूस्खलन की स्थिति में त्वरित कार्यवाही एवं विशिष्ट उपकरणों के प्रयोगों को जाना। जनसंपर्क प्रभारी लेफ्टिनेंट संकल्प मिश्रा ने बताया इस अवसर पर सूबेदार मेजर हनुवंत सिंह ने स्मृति चिह्न प्रदान किया।

### अहिल्याबाई जयंती पर 31 को सम्मान समारोह आयोजित

उज्जैन। अभा चंद्रवंशीय निखर क्षत्रिय पूरबिया गारी समाज योगीपुरा की ओर से 31 मई को देवी अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती के अवसर पर भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। आयोजन के दौरान समाज के उन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, साथ ही अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल की है। यह कार्यक्रम बैकुंठ धाम मंदिर धर्मशाला, हरसिद्धि मंदिर चौराहा, उज्जैन में आयोजित होगा। समारोह का समय सुबह 10 बजे से रखा गया है। जानकारी मूलचंद सागर ने दी।

### हम परिवार ने इतनी शक्ति हमें देना दाता से की शुरूआत

उज्जैन। स्वर साधना म्यूजिकल ग्रुप (हम) संस्था के कलाकारों ने कालिदास संस्कृत अकादमी के अभिरंग नाट्य गृह में मेरे गीत प्रेम गीत के चलते गुरुवार शाम को बेहतर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पं. हेमंत व्यास और कपिल यार्दे का संस्था सदस्यों ने सम्मान किया। सुरमई शाम में प्रेम गीतों के नग्में शहर के मधुर गायकों और गायिकाओं द्वारा प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरूआत हम परिवार द्वारा इतनी शक्ति हमें देना दाता मन का विश्वास और कमजोर होना से किया। इसके बाद बारी-बारी से संस्था के सभी कलाकारों ने अपनी अपनी बेहतर प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

### रोजगार मेले में 342 का प्रारंभिक चयन

उज्जैन। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय द्वारा प्रतिमाह रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है रोजगार मेला शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) परिसर में आयोजित किया गया। मेले में 15 कंपनियों द्वारा 350 रिक्त पदों के लिए 470 युवक-युवतियों का पंजीयन कराया गया, जिनमें से 342 युवक-युवतियों का प्रारंभिक चयन किया गया। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 138 आवेदकों को कॅरियर मार्गदर्शन दिया गया। आईटीआई से 27 युवाओं का अप्रेंटिसशिप में चयन किया गया।

**सेवा वर्ष 2026-27 के लिए शशांक भट्ट सचिव और पंकज गेरा कोषाध्यक्ष नियुक्त**

# लायंस क्लब उज्जैन अशोक की नई कार्यकारिणी घोषित, दिग्विजय सिंह चौहान बने अध्यक्ष

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लायंस क्लब उज्जैन अशोक की मासिक साधारण सभा में आगामी सेवा वर्ष 2026-27 के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया है। बैठक में लायन दिग्विजय सिंह चौहान को क्लब का नया अध्यक्ष चुना गया है। वहीं, लायन शशांक भट्ट को सचिव और लायन पंकज गेरा को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है।





नवीन कार्यकारिणी में लायन आर.एस. परमार, लायन गुरमीत सिंह राठौर और लायन नितेंद्र रघुवंशी को उपाध्यक्ष तथा लायन संजीव भाई आचार्य को सह-सचिव नियुक्त किया गया है। बैठक के दौरान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (इलेक्ट) लायन महेश मालवीय द्वारा लायन दीपक शाह को झोन चेयरपर्सन एवं लायन संजीव गडकरी को रीजन चेयरपर्सन नियुक्त किया गया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने वरिष्ठ सदस्य लायन सुभाषचंद्र दुबे का जन्मदिन भी हर्षोल्लास के साथ मनाया।

क्लब के वर्तमान अध्यक्ष एमजेएफ लायन चिराग शाह ने नवीन कार्यकारिणी और नियुक्तियों की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में क्लब सचिव हरि राम सोलंकी ने सभी का आभार माना।

इस अवसर पर पीएमजेएफ लायन श्रीकांत वैशंपायन, एमजेएफ लायन गिरीश जायसवाल, लायन ऋषिराज अरोरा, लायन जगदीश अखंड, लायन दीपक शर्मा, लायन सुनील कृपलानी, लायन जगदीश, लायन बलविंदर, लायन टटवाल, लायन सुनील शाह, लायन तरुण और लायन मिलिंद सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

### दशहरा मैदान में 6 जून से होगी नौ दिवसीय श्रीराम कथा

**उज्जैन।** सनातन धर्म जागरण महाअभियान के अंतर्गत शहर के दशहरा मैदान में 6 से 14 जून तक भव्य नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा में अंतरराष्ट्रीय कथावाचक प्रेम भूषण जी महाराज के कृपापात्र राजन जी महाराज के श्रीमुख से प्रतिदिन शाम 4 बजे से रामकथा की अमृत वर्षा होगी।

इस भव्य आयोजन को लेकर दशहरा मैदान पर कथा स्थल का विधिवत भूमि पूजन किया गया। मीडिया प्रभारी शिवम भार्गव ने बताया कि भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नारायण यादव उपस्थित रहे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार और जनजागरण है, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में भी विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

# भोपाल कॉर्पोरेशन को पराजित कर एनबीए इंदौर चैंपियन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महानंदानगर स्थित बास्केटबॉल एरिना में आयोजित अस्मिता मध्य प्रदेश राज्य बास्केटबॉल सब जूनियर बालिका वर्ग चैंपियनशिप 2026 का फाइनल मुकाबला एनबीए इंदौर और भोपाल कॉर्पोरेशन के बीच खेला गया। इसमें एनबीए इंदौर ने 44-33 के स्कोर से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।

प्रतियोगिता मध्य प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन और उज्जैन कॉरपोरेशन एरिया बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में हुई। संगठन की सचिव ऋतु शर्मा के अनुसार पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव कुलविंदर सिंह गिल थे। अध्यक्षता सिम्मी यादव, डिप्टी कलेक्टर व उप प्रशासक, महाकाल प्रबंधन समिति ने की। विशेष अतिथि के गौरव यादव और पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी शैलेंद्र टाइटस थे। फाइनल मुकाबला पूरे समय रोमांचक रहा। तेज खेल दिखाते हुए एनबीए इंदौर ने शुरूआत से बढ़त बनाई और दबाव के बीच निर्णायक क्षणों में बेहतर प्रदर्शन कर भोपाल कॉर्पोरेशन को पराजित किया। अतिथियों का स्वागत संगठन की अध्यक्ष ज्योति शर्मा, मनीषा पंवार, प्रगति जैन, अर्चना टाइटस और मनीष धनौरिया ने किया।

# ग्लोबल स्टैंडर्ड पर तैयार हो रहे विक्रमादित्य के इंजीनियर्स

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता और व्यावहारिक दक्षता को नया आयाम देते हुए सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के 'स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी' के छात्रों ने देवास स्थित प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाई 'फ्लूइडोमेट लिमिटेड' का शैक्षणिक भ्रमण किया। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज के मार्गदर्शन में आयोजित इस उच्चस्तरीय दौरे का मुख्य उद्देश्य छात्रों को कक्षा में सीखी गई जटिल इंजीनियरिंग अवधारणाओं को वास्तविक और आधुनिक औद्योगिक परिवेश में क्रियान्वित होते हुए दिखाना था, ताकि वे भविष्य की वैश्विक चुनौतियों के लिए पूरी तरह सक्षम बन सकें।

इस ज्ञानवर्धक भ्रमण के दौरान छात्रों ने फ्लूइडोमेट लिमिटेड की अत्याधुनिक उत्पादन इकाइयों ,गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाओं और रोबोटिक व मशीनीकृत संचालन की बारीकी से समझा। वहां मौजूद देश के अनुभवी और वरिष्ठ इंजीनियरों ने छात्रों को हाइड्रोलिक कपलिंग और ट्रांसमिशन तकनीक की बारीकियों व उनके लाइव ऑपरेशन्स से रूबरू कराया, जो छात्रों के लिए एक व्यावहारिक अनुभव रहा।

विश्वविद्यालय के छात्रों को वैश्विक कार्य-दक्षता और कौशल से जोड़ने वाले इस महत्वपूर्ण दौरे पर मार्गदर्शन देते हुए कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि ₹आज के दौर में सैद्धांतिक ज्ञान अपनी जगह महत्वपूर्ण है, लेकिन वास्तविक व्यावहारिक अनुभव और इंडस्ट्री का एक्सपोजर ही छात्रों को एक सफल व वैश्विक स्तर का इंजीनियर बनाता है। हमारा मुख्य ध्येय विश्वविद्यालय के छात्रों को केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि उन्हें आज की वैश्विक दक्षता और मांग से जोड़ना है। फ्लूइडोमेट लिमिटेड जैसे उच्च तकनीकी उद्योगों का यह दौरा हमारे छात्रों के लिए एक उत्कृष्ट अवसर साबित होगा, जिससे वे कॉर्पोरेट और कोर-इंजीनियरिंग सेक्टर की बदलती जरूरतों को समझकर खुद को देश-विदेश के अग्रणी उद्योगों के अनुकूल तैयार कर सकेंगे।

₹संस्थान के इस अभिनव प्रयास पर हर्ष व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि ऐसे औद्योगिक भ्रमणों से विद्यार्थियों को इंडस्ट्री की वास्तविक कार्यशैली और वहां के कड़े अनुशासन का प्रत्यक्ष अनुभव मिलता है, जिससे उनका विजन बड़ा होता है। हम भविष्य में भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कंपनियों के साथ ऐसे संवाद और दौरों का सिलसिला जारी रखेंगे। वहीं 'स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी' के निदेशक डॉ. संदीप तिवारी ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन का निरंतर यह प्रयास है कि हमारे छात्र किताबी दायरे से बाहर निकलकर सोचें।

इस आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने फ्लूइडोमेट लिमिटेड के प्रबंधन के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया, जिन्होंने भावी राष्ट्र निर्माताओं को अपने परिसर में सीखने का सुनहरा अवसर प्रदान किया।

## खबर एक नजर...

### तीन दिवसीय ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना संपन्न

नीमच। नीमच वन मंडल की 92 बीटों में 22 से 24 मई तक आयोजित तीन दिवसीय ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना 2026 सफलतापूर्वक संपन्न हुई। नौतपा की भीषण गर्मी के बावजूद वन विभाग के मैदानी अमले, वन चौकीदारों एवं युवा वॉलेंटियर्स ने जिले के विभिन्न जलस्त्रोतों तथा पथरीले वन क्षेत्रों में सघन मॉनिटरिंग कर गिद्धों की गणना की। गणना के प्रमुख आंकड़े- इस वर्ष नीमच वन मंडल में कुल 285 गिद्ध दर्ज किए गए। नीमच रेंज 114 गिद्ध, जिनमें 110 इजिप्टियन गिद्ध एवं 4 भारतीय देशी गिद्ध रतनगढ़ रेंज- 88 गिद्ध, मनासा रेंज- 49 गिद्ध, रामपुरा रेंज- 34 गिद्ध पाये गये।

### प्रदेश अध्यक्ष शक्तावत ने आशुतोष राणा का किया सम्मान

पिपलिया मंडी।असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत मुंदिड़ी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने फिल्म अभिनेता एवं वरिष्ठ लेखक आशुतोष राणा का गले में धर्म दुपट्टा डालते हुए मध्य प्रदेश की धरा पर स्वागत एवं सम्मान किया। आपने आशुतोष राणा से आग्रह एवं निवेदन किया कि वे 2028 में कांग्रेस पार्टी की मध्य प्रदेश में सरकार बने इस हेतु कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारीयों को सुदृढ़ एवं मजबूती प्रदान करने हेतु अपना बहुमूल्य समय मध्य प्रदेश को देने का कष्ट करें।

### आईटीआई में 4 जून को होगा युवा संगम

मंदसौर। जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार एवं कौशल विकास से जोड़ने के उद्देश्य से आगामी 4 जून, गुरुवार को प्रातः 10.30 बजे से शासकीय आईटीआई सीतामऊ में जिला स्तरीय च्युवा संगमज का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर अदिति गर्ग के मार्गदर्शन में जिला रोजगार कार्यालय द्वारा इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें युवाओं को विभिन्न औद्योगिक एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही शासन की विभिन्न प्रशिक्षण योजनाओं एवं स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया जाएगा।

### आईटीआई में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ

मंदसौर। शासकीय आईटीआई में सत्र 2026-27 के प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी डीएसडी एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। पंजीयन प्रक्रिया 26 मई से प्रारंभ होकर 30 जून 2026 तक जारी रहेगी, जबकि चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया 1 जून से 30 जून 2026 तक संपन्न होगी। जिले की छह शासकीय आईटीआई संस्थाओं में फिटर, इलेक्ट्रीशियन, मोटर मैकेनिक, वेल्डर, स्टेनो हिंदी एवं इंग्लिश, कोपा, सोलर टेक्नीशियन, ड्राफ्टमैन सिविल, मशीनिस्ट एवं आरएसी सहित विभिन्न रोजगारपरक ट्रेडों में प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा।

# ब्रह्म प्रकट होते है जबकी मानव जन्म लेते है

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

ब्रह्म प्रकट होते है जबकी मानव जन्म लेते है इसलिए हम भगवान प्रकटोत्सव मनाते है । जब भी बोलो मीठा बोलो, हमारे शब्दों में कड़वापन नहीं मिठास होना चाहिए । उक्त व्यक्तव्य पुरूषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्री शेष नारायण मंदिर भरावा की कुई पर आयोजित सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा के चौथे दिवस भागवताचार्य पं. योगेश्वर शास्त्री ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव के वाचन के अवसर पर कहीं।

आज कथा में मत्स्य अवतार राजा हरिशचन्द्र की कथा, वामन अवतार, राजा भागीरथ की कथा, सप्त गंगा के अवतरण की कथा का वृतान्त सुनाया । रघु महाराज की कथा सुनाते हुए कहा कि रघुवंश रघु महाराज के नाम से ही विख्यात हुआ ।

देवकी - वासुदेव की कथा सुनाते हुए उनके विवाह के बाद उनकी आठो संतानों के जन्म का विस्तृत वर्णन किया गया जैसे ही कथा में भगवान श्री



कृष्ण जन्म हुआ वैसे ही पूरा पांडाल भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों सेगूंज उठा । श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव आनंद पूर्वक मनाया गया । संगीतमय भजनों की धुनों पर भक्तजन भाव विभोर होकर नृत्य करने लगे । सजा दो घर आज मेरे सरकार आए है, तू इतना अच्छा है तुझे किसी की नजर ना लगे। यशोदा ने जाया लल्ला नगर में हल्ला भयो रे, कृष्ण जन्म भयो आज बधाई गाओ रे । आया सांवरिया सरकार हसंते- हसंते आदि भजनों पर भक्तजनों ने नृत्य करते हुए अपनी खुशी जाहिर की।

कथा के प्रारम्भ में यजमान द्वारा पोथी पूजन की गई तथा श्री मेढ़ क्षत्रिय मारवाड़ी स्वर्णकार समाज के पदाधिकारियों द्वारा भगवताचार्य योगेश्वर शास्त्री का शॉल श्रीफल से सम्मान किया गया तथा भागवत जी की पूजन की गई। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष नवनीत सोनी संस्थापक संरक्षक मोहनलाल मिंडिया मार्गदर्शकभगवतीलाल जलोतिया, अरविंद सोनी,पुर्व अध्यक्ष जगदीश भामा, संजय अग्रोया, राजकुमार बैलाव, अध्यक्ष गजाधर जांगलवा, उपाध्यक्ष दिलीप वर्मा, शैलेष जलोतिया, कोषाध्यक्ष संजय सोलीवाल, सचिव रमेश सोनी (पत्रकार), सहसचिव संतोष कड़ेल, प्रचार प्रमुख अखिलेश सहदेव, महिला मंडल अध्यक्ष, श्रीमती कृष्णा देवी मिंडिया, युवा मंच अध्यक्ष लक्की सदेवडा (भीमा), कार्यकारी सदस्य एवं सहयोग कर्ता राजेश भामा ,संजय मांडन, भूपेंद्र मंडावरा, राजेन्द्र अग्रोया, मुकेश अग्रोया, कपूर सोनी, मोतीलाल मिंडिया, हेमंत सारडीवाल, शैलेंद्र सनगट,अनिल कड़ेल, गोपाल खेजलवाड़ आदि सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

### सम्भागीय सम्मेलन हेतु आयोजन समिति की बैठक संपन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला इकाई रतलाम द्वारा आगामी 29 जून को आयोजित किए जा रहे संभागीय सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा हेतु आज आयोजन समिति की बैठक पॉवर हाउस रोड स्थित पत्रकार भवन पर संपन्न हुई बैठक में उपस्थित सदस्यों को आयोजन संबंधी प्रभार बांटे गए तथा सम्मेलन में रखे जाने वाले प्रस्तावों एवं एजेंडे पर चर्चा की गई । जिले में पत्रकारिता क्षेत्र में अहम योगदान देने वाले वरिष्ठतम पत्रकारों को संभागीय सम्मेलन में संघ की ओर से सम्मान किए जाने का भी निर्णय लिया गया । बैठक में आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर सदस्यों ने अपने अपने सुझाव रखे । बैठक में आयोजन समिति के सदस्यगण प्रदेश संयुक्त सचिव भेरूलाल टाँक, रतलाम जिलाध्यक्ष राजेश जैन, संभागीय महासचिव विजय मीणा, जिला महासचिव दिनेश दवे,जिला उपाध्यक्ष आरिफ कुरैशी, श्रीनाथ योगी गोविंद उपाध्याय , जिला सचिव सौरभ कोठारी , जिला कोषाध्यक्ष किशोर जोशी ,निलेश बाफना , सिकंदर पटेल , राजेश वासनवाल उपस्थित थे

### ट्रक की टक्कर से बाइक चालक किसान की मौत, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घायल

मन्दसौर। जिले के पिपलियामंडी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की दोपहर बेलारा और पलेवना गांव के बीच एक ट्रक ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ग्राम कामलिया निवासी 45 वर्षीय किसान पर्वत लाल नायर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि ग्राम देवरी की 55 वर्षीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ता वंदना गोड़ गंभीर रूप से घायल हो गईं। वंदना अपनी ड्यूटी खत्म कर मंदसौर जाने के लिए रास्ते में मिले परिचित किसान पर्वत लाल की बाइक पर बैठी थीं। जानकारी अनुसार टक्कर इतनी भयानक थी कि पर्वत लाल के सिर और चेहरे पर ट्रक का पहिया उतर गया, जिससे अत्यधिक खून बहने के कारण उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने पर्वत लाल को मृत घोषित कर दिया और घायल महिला का इलाज शुरू किया। दुर्घटना के बाद आरोपी ड्राइवर ट्रक को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया।

# वीर सावरकर की 143वीं जयंती पर गूंजे राष्ट्रभक्ति के नारे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

भारतीय सुभाष सेना एवं सावरकर विचार मंच के संयुक्त तत्वावधान में 28 मई को रेलवे स्टेशन नीमच के समीप स्थित प्रतिमा स्थल पर स्वाधीनता संग्राम के महान नायक वीर सावरकर की 143 वीं जयंती गरिमामय तरीके से मनाई गई। कार्यक्रम में शहर के अनेक प्रबुद्धजनों और राष्ट्रभक्तों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों एवं संस्था के पदाधिकारियों द्वारा वीर सावरकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान पूरा परिसर च्वीर सावरकर अमर रहेज और च्भारत माता की जयज के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो उठा। इसके पश्चात शिव मंदिर परिसर में संस्था की वरिष्ठ सदस्या श्रीमती हेमलता धाकड़ की अध्यक्षता में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सावरकर विचार मंच के संयोजक एवं भारतीय सुभाष सेना के प्रांतीय मंत्री मधुसूदन परवाल ने वीर सावरकर के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि मुझे व्यक्तिगत रूप से सावरकर जी से आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है, जो मेरे जीवन की अनमोल



पूंजी है। म.प्र.भारतीय सुभाष सेना के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश गोयल ने सावरकर द्वारा किए गए राष्ट्रभक्ति के कार्यों का उल्लेख करते हुए देश के प्रति उनके योगदान को रेखांकित किया।

मुख्य वक्ता कृति संस्था के ओमप्रकाश चौधरी ने सावरकर के साहित्य, राजनीति, समाजसेवा और जेल में झेले गए कठोर संघर्षों पर बात की। श्री चौधरी ने कहा कि सावरकर और उनके परिवार द्वारा किया गया त्याग और बलिदान अद्वितीय है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी उनके सम्मान में डाक टिकट जारी किया था। प्रो. आशीष सोनी ने जोर देकर कहा कि आज की युवा पीढ़ी को वीर सावरकर के विचारों, सिद्धांतों और उनके अद्वितीय राष्ट्रप्रेम से अवगत कराना बेहद जरूरी है। इंजी. बाबूलाल गौड ने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा संसद भवन में सावरकर जी का चित्र लगाए जाने का स्मरण कराया। दया याचिकाओं (माफीनामों) के भ्रम पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि अंग्रेज क्रांतिकारियों को इसी शर्त पर छोड़ते थे, लेकिन जेल से बाहर आते ही ये वीर पुनः देश की आजादी के आंदोलनों में सक्रिय हो जाते थे। उन्होंने यह भी कहा कि तत्कालीन राजनेता सावरकर की वैचारिक शक्ति से प्रभावित और आशंकित थे, इसलिए उन्हें हिंदू महासभा के कारण मुख्यधारा से दूर रखने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही श्रीमती हेमलता धाकड़ ने अपने उद्बोधन में कहा कि सावरकर के गौरवशाली इतिहास को शिक्षण पाठ्यक्रमों में शामिल किया जाना चाहिए ताकि युवाओं को सही जानकारी मिल सके। उन्होंने वर्तमान सरकार की सराहना करते हुए कहा कि आज क्रांतिकारियों के परिवारों का सम्मान हो रहा है।

### जीतो चैप्टर, महिला प्रकोष्ठ एवं युवा प्रकोष्ठ का शपथ ग्रहण समारोह आज

मन्दसौर। जीतो के तत्वावधान में जीतो मंदसौर चैप्टर, महिला प्रकोष्ठ एवं युवा प्रकोष्ठ का भव्य शपथ ग्रहण एवं स्थापना समारोह आज 30 मई, शनिवार को मंदसौर में आयोजित किया जाएगा। समारोह में जीतो एपेक्स चेयरमैन पृथ्वीराज कोठारी, वायस चेयरमैन कमलेश आर. सोजतिया, सेक्रेटरी जर्नल ललित डांगी सहित जीतो एपेक्स एवं एमपी जोन चेयरमैन हितेश मेहता एवं दिलीप जैन जोन सेक्रेटरी के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# मंदसौर के सरदार पटेल चौराहे से हटे बैरिकेड

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर

मंदसौर के सरदार वल्लभभाई पटेल चौराहे पर पिछले कुछ महीनों से लगे बैरिकेड्स को जिला प्रशासन द्वारा हटा दिया गया है, जिससे क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है। इस फैसले की खुशी में स्थानीय लोगों ने चौराहे पर आतिशबाजी की और सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जश्न मनाया। दरअसल, आदर्श रोड निर्माण के चलते प्रशासन ने यहाँ बैरिकेड्स लगा दिए थे, जिसकी वजह से वाहन चालकों को लंबा घूमकर जाना पड़ रहा था। इससे न केवल आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो



रही थी, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी लगातार बनी हुई थी। हालांकि प्रशासन द्वारा नगरपालिका के माध्यम से यहां पर ट्रेफिक व्यवस्था सुधारने के लिये बीपीएल चौराहे पर ऑटोमेटिक ट्राफिक सिंग्नल जल्द ही लगाये जाने है।

यह समस्या आमजन के साथ-साथ प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच एक बड़ा मुद्दा बन चुकी थी। बैरिकेड्स हटाने की मांग को लेकर जिला पंचायत सदस्य दीपक सिंह गुर्जर द्वारा गैर-राजनीतिक रूप से धरना-प्रदर्शन भी किया गया था।

इस मामले में संज्ञान लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर सहित भाजपा पदाधिकारियों ने कलेक्टर से मुलाकात की थी, वहीं बीपीएल चौराहे पर भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने एडिशनल एसपी को बुलाकर इस समस्या के स्थाई समाधान की मांग उठाई थी। चौतरफा दबाव और जनहित को देखते हुए प्रशासन ने आखिरकार बैरिकेड्स हटाने की कार्रवाई की, जिससे अब यातायात सुगम हो गया है।

### महंगाई भत्ते एरियर का समय पर हो भुगतान

रतलाम।मध्य प्रदेश शासन के द्वारा लोक सेवकों को तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया गया था जिसका एरियरभुगतान ६समान किश्तों में माह म ई पेड़ जून होना है जो समय पर किया जाए यह मांग मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के पदाधिकारी ने जिला शिक्षा अधिकारी रतलाम और जिला प्रशासन से की है। मुख्यमंत्री के द्वारा प्रदेश के लोक सेवकों के लिए तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता दिए जाने की घोषणा विगत माह की थी जिसका बकाया एरियर भुगतान म ई पेड़ जून में होना चाहिए। अक्सर देखा जाता है संकुल केदो पर और विकासखंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में जो लिपिक संवर्गी कर्मचारी हैं वह इस बात का ध्यान नहीं रखते हैं कि लोक सेवकों को समय पर महंगाई भत्ता ओर उसका एरियर समय पर मिले।

# नेपानगर विधानसभा को 3 करोड़ 8 लाख की सौगात: सांसद ज्ञानेश्वर पाटील और विधायक मंजू दादू ने किया भूमिपूजन

## सड़क और खेल मैदान को मिलेंगे करोड़ों

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर

नेपानगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम माँजरोदखुर्द में शुक्रवार को 3 करोड़ 8 लाख 95 हजार रुपए की लागत वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन संपन्न हुआ। खण्डवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, नेपानगर विधायक मंजू राजेन्द्र दादू, जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को और भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदीप जाधव की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ।

माँजरोद से सुसुरखेड़ा मार्ग निर्माण: लागत 2 करोड़ 28 लाख 95 हजार रुपए। लगभग ढाई किलोमीटर लंबा यह



सड़क मार्ग कई ग्रामीण इलाकों को जोड़ेगा।

ग्राम माँजरोदकलाँ में खेलकूद मैदान निर्माण: लागत 80 लाख रुपए। युवाओं और खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधा मिलेगी। सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गांव, गरीब, किसान और युवाओं के कल्याण के लिए लगातार विकास कार्य हो रहे हैं।

सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, शिक्षा, खेल और जनसुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। विधायक मंजू राजेन्द्र दादू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए काम कर रही है। सड़क और खेल मैदान जैसे कार्य ग्रामीण विकास को नई दिशा देंगे और युवाओं का भविष्य मजबूत करेंगे। माँजरोद से सुसुरखेड़ा सड़क बनने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी, बारिश में राहत मिलेगी और किसानों को कृषि उपज के परिवहन में आसानी होगी।

विधायक मंजू दादू ने कहा कि माँजरोदकलाँ का खेल मैदान क्षेत्र के युवाओं और खिलाड़ियों के लिए विशेष सौगात है। इससे ग्रामीण अंचल की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा और युवा खेल गतिविधियों से जुड़कर अपनी प्रतिभा दिखा सकेंगे।

उपस्थित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने कहा कि विधायक मंजू दादू के नेतृत्व में नेपानगर विधानसभा में विकास कार्यों की गति लगातार बढ़ रही है। आने वाले समय में क्षेत्र को और भी विकास कार्यों की सौगात मिलने वाली है।

भूमिपूजन में भाजपा वरिष्ठ नेता किशोर नाना पाटील, जिला पंचायत सदस्य अशोक पटेल, जनपद पंचायत खकनार सदस्य गजाधर बेड़िया, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राहुल जाधव, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश चौकसे, मनोज टंडन, मंडल अध्यक्ष महेंद्र जोगी, सोनू भावसार, आनंद यादव, ग्राम पंचायत सरपंच-सचिव सहित जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनउपयोगी लोक अदालत हर माह के अंतिम शनिवार को लगेगी

**सनावद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर के आदेश अनुसार एवं तहसील विधिक सेवा समिति न्यायालय सनावद के निर्देशानुसार स्थाई जनउपयोगी लोक अदालत माह के अंतिम शनिवार को लगती है जिसके संबंध में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया न्यायधीश योगेश चालीसा एवं न्यायाधीश आकांक्षा गर्ग जी ने स्थाई जनउपयोगी लोक अदालत के बारे बताया की स्थाई लोक अदालत में राजिनामा होता है यहाँ किसी की जीत और किसी की हार नही होती दोनों पक्षों में मधुर संबंधों के बीच आपसी राजीनामे होते है और प्रकरण को समाप्त किया जाता है स्थाई लोक अदालत मे राजीनामे योग्य प्रकरणों में राजीनामे होते है और जो कोर्ट फीस लगती है वह पुनः वापिस हो जाती है। प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को स्थाई लोक में आप सभी अपने प्रकरणों को समाप्त कर लाभ ले सकते हैं स्थाई लोक अदालत में वही प्रकरणों में राजीनामा होगा जो प्रकरण राजीनामे योग्य हैं उनका निपटारा हो जाता हैं शिविर में संतोष खन्ना व न्यायालय खंड पीठ सदस्य रविन्द्र अम्बिया मौजूद थे।

## भागचंद जैन को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जयप्रकाश त्रिपाठी ने सम्मानित किया

सनावद। लायंस इंटरनेशनल मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी - 1 की 9 वीं डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस याराना का आयोजन इंदौर में किया गया। कॉन्फ्रेंस में नवनिर्वाचित जीएमटी कोऑर्डिनेटर ला.अनिता भागचंद जैन को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जयप्रकाश त्रिपाठी ने सम्मानित किया। त्रिपाठी ने जैन की उत्कृष्ट सेवा गतिविधियों की सराहना की और कहा कि इसके पूर्व जैन ने लायंस क्लब के झोन जीएमटी कोऑर्डिनेटर के रूप में लायंस क्लब के विस्तार और क्लब के आदर्शों के अनुरूप पर्यावरण संरक्षण,नारी सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन, बालिका शिक्षा और जरूरतमंद लोगों की मदद जैसे अनुकरणीय कार्य किए हैं। कॉन्फ्रेंस में लायंस क्लब के इंटरनेशनल एंडोर्सी ला.कुलभूषण मित्तल,पीआईडी ला.कमलेश जैन,प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राम जाट, द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राजेंद्र सोडानी लायंस क्लब सनावद के अध्यक्ष भागचंद जैन सचिव विपिन गुप्ता रेणुका गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लायंस पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने 2 लोगों को थाने पर उपस्थिति के दिये आदेश

बड़वानी। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती जयति सिंह ने पुलिस अधीक्षक श्री पदमविलोचन शुक्ल की रिपोर्ट में जिला बदर की कार्यवाही हेतु प्रस्तावित 2 व्यक्तियों को 3 माह एवं 4 माह तक संबंधित पुलिस थाने में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने हेतु आदेशित किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार अनावेदक सायरनाका कुआ अंजड़ निवासी ओमप्रकाश उर्फ गुड्डु पिता जगदीश कुमरावत पुलिस थाना अंजड में अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे। इसी प्रकार आजाद नगर अंजड़ निवासी जितेन्द्र पिता जगदीश देवका भील को पुलिस थाना अंजड़ में अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे।

# सिंधी भाषा प्रशिक्षण शिविर, सीख रहे मातृभाषा लिखना-पढ़ना-बोलना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर

मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग और सिंधी साहित्य अकादमी के सहयोग से बुरहानपुर में सिंधी भाषा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस और सिंधी समाज अध्यक्ष बलराज नावानी के सहयोग से चल रहे इस शिविर की शुरुआत एक सप्ताह पहले हुई और यह जून माह के अंत तक संचालित होगा।

शिविर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में बच्चे अपनी मातृभाषा सिंधी को लिखना, पढ़ना और बोलना सीख रहे हैं। 75 वर्षीय सेवानिवृत्त प्राध्यापक श्री अशोक



मंजवानी गुरूजी बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं।

आयोजकों ने कहा कि यह शिविर सिंधी भाषा एवं संस्कृति के संरक्षण और नई पीढ़ी को मातृभाषा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हो रहा है। बच्चों की बढ़ती भागीदारी से स्पष्ट है कि नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ने के लिए उत्साहित है।

## खाद वितरण हेतु बैठक

बड़वानी। कलेक्टर जयति सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागृह में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहकारिता, राजस्व और नगरीय निकायों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने खाद वितरण, पेयजल आपूर्ति और जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिए।

# पुलिस ने अवैध हथियार बनाने वालों पर नदी किनारे कार्रवाई करते हुए दबीश दी



**खरगोन।** पुलिस ने अवैध हथियार बनाने वाली फैक्ट्री पर बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम सिगनूर में रूपा नदी किनारे दबिश दी। थाना गोगावां और सनावद पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके से 5 सिकलीगर आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 9 देशी पिस्टल, 2 देशी कट्टे सहित हथियार बनाने का भारी सामान जब्त किया है। जब्त मशरुके की कुल कीमत करीब 2.75 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार मुखबिर सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को अवैध हथियार बनाते पकड़ा गया। सभी आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रविंद्र वर्मा के निर्देशन में की गई।

## कलेक्टर ने एक व्यक्ति को किया जिला बदर

**बड़वानी।** जिला दण्डाधिकारी बड़वानी श्रीमती जयति सिंह ने पुलिस रिपोर्ट के आधार पर एक व्यक्ति को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिला बदर किया है। जिला बदर की अवधि में यह व्यक्ति राजस्व सीमा बड़वानी एवं उसके समीपवर्ती जिले धार, झाबुआ, अलिराजपुर, खरगोन, खण्डवा, बुरहानपुर, की राजस्व सीमा में प्रवेश नहीं कर सकेंगे । जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला दण्डाधिकारी ने ग्राम बड़गांव तहसील बड़वानी निवासी कालू उर्फ विकास पिता किशोर पांचाल को 4 माह के लिए जिला बदर किया है ।

## भावुक माहौल के बीच राजेंद्र खरे को दी विदाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ देपालपुर

जनपद पंचायत देपालपुर सभागार में खंड पंचायत अधिकारी राजेंद्र खरे की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके लंबे प्रशासनिक अनुभव, कार्यशैली और सहज व्यवहार की सराहना करते हुए भावपूर्ण विदाई दी।

समारोह में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि गुमानसिंह पंवार, जनपद उपाध्यक्ष मोहनलाल ननवाना और जनपद पंचायत सीईओ पूजा मालाकार, जितेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र गांगले, अजय जायसवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने कहा कि राजेंद्र खरे ने अपने कार्यकाल के दौरान पंचायत व्यवस्था को मजबूत बनाने और ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रभावी संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी कार्यनिष्ठा और व्यवहार हमेशा याद रखा जाएगा।

# रिंगनोद के मुस्लिम समाज ने भी गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने का दिया ज्ञापन




ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा

गौ माता राष्ट्रीय पशु घोषित हो इसके लिए जावरा में मुस्लिम समाज ने ज्ञापन देकर इसकी पहल प्रारंभ की थी कि इसके पश्चात रिंगनोद क्षेत्र में समाजजन ने गाय माता को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने के लिए थाना प्रभारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया ।वहीं पश्चिम बंगाल के सीएम के बयान का कड़ा विरोध भी दर्ज करवाया।

जानकारी में बताया कि रिंगनोद मुस्लिम समाज ने शुक्रवार को थाना प्रभारी के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया ।जिसमें गौ माता को राष्ट्रीय पशु एवं गौ रक्षा के लिए कड़े कानून बनाने की मांग की गई। देश के करोड़ों भारतीयों की आस्था का प्रतीक गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करना गो तस्करी गौ हत्या एवं गाय को चोट पहुंचाने वालों के लिए आजीवन करावास हो। इसके प्रकरण के लिए फास्ट ट्रैक कोट बनाई जावे इसके साथ ही पश्चिम बंगाल सीएम सुभेंद्र अधिकारी ने कहा कि 14 साल से ज्यादा उम्र की गाय माता को बेच सकते हैं। इस बयान का समाज ने विरोध किया। गांव के मुस्लिम समाज ने इस बात की शपथ भी ली कि गांव में कोई भी गो तस्करी नहीं होने देगा। गौशाला में चारा पानी व सेवा के लिए समाजजन तत्पर रहेंगे। इस मौके पर रिंगनोद सीरत कमेटी सदर अफजल भाई, मुजफ्फर खान, पूर्व सदर मोहम्मद हुसैन खान, सरपंच युसूफ अजीज खान, फिरोज मेंव, मुस्ताक मेंव, समीर खान, असलम मेंव, इरफान शाह ,जब्बार आदि बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय पंजा कुश्ती में भाग लेने जिले के तीन खिलाड़ी गांधीनगर गुजरात के लिए रवाना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

बड़वानी जिला पंजा कुश्ती संघ के तत्वाधान में विगत माह में जिले से भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में भाग ले कर तीन खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ। जिसमें ऋग्वेद धारसे 50 किलोग्राम वजन, जूनियर वर्ग पहली बार एवं यश डुडवे 85 किलोग्राम वजन, सीनियर वर्ग दूसरी बार राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे वही मनोज पटेल 85 किलोग्राम वजन दिव्यांग वर्ग में 2016 से निरन्तर अपने जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए अब तक राष्ट्रीय स्तरीय पंजा कुश्ती में 2 गोल्ड, 8 सिल्वर एवं 3 ब्रांच मेडल जीत सहित दो बार विदेश रोमानिया व दुबई में क्रमशः 8 वा व 5 वा स्थान प्राप्त कर चुके हैं। परन्तु अब उनका लक्ष्य अंतराष्ट्रीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में देश के लिए गोल्ड मेडल लाने का सतत प्रयास कर रहे हैं। इस वर्ष राष्ट्रीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता 2026 गांधीनगर गुजरात 29 मई से 2 जून तक आयोजित होने जा रही हैं। जिला बड़वानी पंजा कुश्ती संघ सचिव पटेल ने बताया कि इस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी इसी वर्ष अपने ही भारत देश में होने जा रही वर्ल्ड आर्म रेसलिंग चौंपियनशिप में भाग लेंगे। जिला पंजा कुश्ती संघ, पंजा कुश्ती फ़ैंस क्लब,श्री बजरंग व्यायाम शाला व फिटवेल जिम के सदस्यों ने खिलाड़ियों को अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



## सलमान खान को पहली फिल्म मैंने दिलाई थी

### जैकी श्रॉफ बोले- मैं सलमान की तस्वीरें लेकर कई जगह जाता था

एक्टर जैकी श्रॉफ ने सलमान खान के करियर के शुरूआती दिनों को याद करते हुए बताया कि उन्होंने उन्हें पहली फिल्म दिलाने में मदद की थी।

इंडिया टुडे के साथ बातचीत में जैकी ने कहा कि उस समय सलमान फिल्म फलक (1988) में असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में काम कर रहे थे, जबकि उनके पिता सलीम खान फिल्म के डायलॉग लिख रहे थे।

जैकी ने कहा, 'मैंने सल्लू बाबा को उनकी पहली फिल्म बीवी हो तो ऐसी दिलाई थी। हालांकि बाद में मैंने प्यार किया रिलीज हुई और उसी ने उन्हें स्टार बना दिया।' उन्होंने बताया कि सेट पर सलमान की तस्वीर देखने के बाद उन्हें लगा था कि सलमान तो बहुत हैंडसम हैं। जैकी ने कहा, 'मैं उनकी फोटो लेकर सुभाष घई जी के पास गया, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। फिर मैं उसे के सी बोकाड़िया के पास ले गया। उन्होंने अपने साले को फोटो दिखाने के लिए कहा और इसी तरह सलमान को वह रोल मिला। मैं उनकी तस्वीरें लेकर कई जगह जाता था।' सलमान के साथ अपने लंबे संबंधों पर बात करते हुए जैकी ने कहा कि उन्होंने सलमान की अधिकांश फिल्मों में उनके साथ काम किया है। उन्होंने कहा, 'पहले वह मुझे अपनी हर फिल्म में लेते थे, लेकिन कुछ समय से उन्होंने मुझे किसी फिल्म में कास्ट नहीं किया है।' शाहरुख खान के बारे में भी की बात जैकी श्रॉफ ने शाहरुख खान से अपनी पहली मुलाकात को भी याद किया। जो फिल्म किंग अंकल (1993) की शूटिंग के दौरान हुई थी, जिस फिल्म में शाहरुख उनके छोटे भाई की भूमिका निभा रहे थे। जैकी ने कहा, 'शाहरुख एक गाने की शूटिंग के लिए सेट पर आए थे और एक कोने में चुपचाप बैठे थे। उनमें सम्मान दिखाने का एक खास तरीका था, लेकिन वह अपनी दूरी भी बनाए रखते थे। मुझे वह बहुत आकर्षक लगे और उनकी मुस्कान बेहद खूबसूरत थी। वर्क फ्रंट की बात करें तो जैकी श्रॉफ जल्द द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो: एलियंस का आगमन में नजर आएंगे, जो 29 मई को रिलीज होने वाली है।

### एक्ट्रेस शहाना गोस्वामी ने कहा- वह ओपन रिलेशनशिप में हैं

# मेरी जिंदगी में कई पार्टनर हैं लेकिन ये रिश्ते कैजुअल नहीं है







बॉलीवुड एक्ट्रेस शहाना गोस्वामी ने हाल ही में बताया कि वह बिना किसी प्राइमरी पार्टनर के ओपन रिलेशनशिप में हैं।

सिद्धार्थ कन्नन को दिए इंटरव्यू में शहाना ने कहा, ह्यफिलहाल मेरी जिंदगी में ऐसा कोई एक खास पार्टनर नहीं है। मेरी जिंदगी में कई लोग हैं, जिनसे मेरा लंबे समय से जुड़ाव है, लेकिन ये रिश्ते कैजुअल नहीं हैं। मेरे लिए कोई भी रिश्ता हल्का या टाइमपास नहीं होता।

उन्होंने आगे कहा, 'मेरे लिए ओपननेस का मतलब यह है कि किसी एक इंसान के साथ तय रिश्ता जरूरी नहीं है, लेकिन लोगों के साथ जुड़ाव और अपनापन बना रहता है। कभी वह सिर्फ दोस्ती होती है, कभी रिश्ता थोड़ा और गहरा भी हो सकता है। हर चीज को किसी एक नाम या दिशा में बांधना जरूरी नहीं है। सबसे जरूरी चीज प्यार और दोस्ती है। मेरे लिए दोस्त वही है, जिसके लिए दिल में सच्चा अपनापन हो।'

### ओपन रिलेशनशिप में घोस्टिंग से इनकार किया

शहाना गोस्वामी से जब ओपन रिलेशनशिप में घोस्टिंग यानी अचानक रिश्ता खत्म कर देने को लेकर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'असल में ऐसा नहीं होता। मैं लोगों को इग्नोर नहीं करती। इस तरह की जिंदगी अचानक नहीं मिलती। यहां तक पहुंचने के लिए इंसान को खुद पर बहुत काम करना पड़ता है। बाहर से यह आसान लगता है, लेकिन अपने अंदर की जलन और असुरक्षाओं का सामना करना पड़ता है।' उन्होंने कहा, 'मैं उन लोगों से अलग हूं, जिनसे वे पहले मिले हैं। मेरी वजह से कई लोगों की असुरक्षाएं बाहर आ जाती हैं। मैं जानबूझकर ऐसा नहीं करती, लेकिन मेरी आजादी लोगों को खुद के बारे में सोचने पर मजबूर करती है और हर कोई इसके लिए तैयार नहीं होता।'

### कई पार्टनर्स एक-दूसरे से मिल चुके हैं: शहाना

शहाना ने कहा कि कम उम्र में ही उन्हें ओपन रिलेशनशिप के बारे में समझ आ गई थी। एक्ट्रेस ने कहा, 'मुझे हमेशा लगा कि प्यार आजाद होना चाहिए। ऐसा नहीं होना चाहिए कि रिश्ता किसी इंसान को बांध दे या उसकी जिंदगी सीमित कर दे। इसी सोच ने मेरे रिश्तों और उन्हें निभाने के तरीके को तय किया है।'



उन्होंने बताया कि उनके कई ओपन रिलेशनशिप पार्टनर्स एक-दूसरे से मिल चुके हैं। उनके मुताबिक, ऐसे रिश्ते तभी चल पाते हैं, जब उनमें ईमानदारी और खुलकर बातचीत हो। शहाना ने यह भी कहा कि लोग अक्सर यह सोच लेते हैं कि उनकी जिंदगी आसान है या उन्हें कभी मुश्किल भावनाओं का सामना नहीं करना पड़ा। लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है। उनके मुताबिक, आजादी का मतलब मुश्किलों से भागना नहीं होता। असली आजादी तब आती है, जब इंसान अपनी परेशानियों, डर और भावनाओं का सामना करता है और उनसे भागता नहीं। शहाना का कहना है कि बाहर से देखने वाले लोग अक्सर इसी बात को समझ नहीं पाते।



## रणवीर सिंह फिर फ्लॉप फिल्म कर सकते हैं

### लॉप फिल्मों से स्टारडम खत्म नहीं होता, बॉक्स ऑफिस से एक्टर को जज न करें

फिल्म डायरेक्टर कुणाल कोहली ने अभिनेता रणवीर सिंह की फिल्मों के फ्लॉप परफॉरमेंस और बॉक्स ऑफिस के दबाव पर खुलकर बात की है। एनडीटीवी को दिए इंटरव्यू में कुणाल ने कहा कि रणवीर सिंह आगे भी हिट फिल्में देंगे और वे फिर से फ्लॉप फिल्म भी दे सकते हैं, यह कोई बड़ी बात नहीं है। कुणाल के मुताबिक, दुनिया का कोई भी बड़ा स्टार फ्लॉप फिल्मों से बच नहीं सकता है। उन्होंने दर्शकों से अपील की कि किसी भी कलाकार के टैलेंट को सिर्फ फिल्म के हिट या फ्लॉप होने से तय न करें।

फ्लॉप फिल्म देना कोई बड़ी बात नहीं कुणाल कोहली ने फिल्म इंडस्ट्री और दर्शकों के रवैये पर बात की। उन्होंने कहा कि जब किसी स्टार की फिल्म नहीं चलती, तो लोग जरूरत से ज्यादा प्रतिक्रिया देने लगते हैं। फिल्म इंडस्ट्री में कोई भी ऐसा सुपरस्टार नहीं है जिसकी कोई फिल्म फ्लॉप न हुई हो। हर एक्टर, प्रोड्यूसर और डायरेक्टर के जीवन में ऐसा समय आता है। एक फ्लॉप फिल्म किसी कलाकार की काबिलियत तय नहीं कर सकती। रणवीर सिंह फिर से हिट फिल्म देंगे और वे दोबारा फ्लॉप फिल्म भी दे सकते हैं। यह सब फिल्म बिजनेस का हिस्सा है, इसे लेकर ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। बॉक्स ऑफिस से जज करना दर्शकों की कमजोरी रणवीर सिंह की एक्टिंग की तारीफ करते हुए कुणाल ने कहा कि वे एक शानदार अभिनेता हैं। फिल्म 'धुरंधर' में उन्होंने कुछ दृश्यों में बेहतरीन काम किया है। यही नहीं, रणवीर ने उन फिल्मों में भी शानदार एक्टिंग की है जो बॉक्स ऑफिस पर नहीं चल सकी थीं। कुणाल ने दर्शकों को नसीहत देते हुए कहा कि केवल टिकटों की बिक्री देखकर किसी के काम का फैसला करना फिल्म देखने वालों की कमजोरी को दिखाता है। दर्शकों को इस सोच से आगे बढ़कर फिल्म की कहानी और परफॉर्मेंस पर ध्यान देना चाहिए। इससे पहले रिलीज होने के समय कुणाल धुरंधर 2 का समर्थन किया था। उन्होंने बताया कि फिल्म की रिलीज से पहले इंडस्ट्री के कई बड़े निर्देशकों का मानना था कि यह फिल्म फ्लॉप हो जाएगी।

# गुल्लक के पैसे भेजने वाले बच्चों से मिले राजपाल यादव

## गिफ्ट लेने से मना किया, शाहजहांपुर में बोले- इनका प्यार मेरे लिए अनमोल

बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव ने गुल्लक से रुपए निकालकर भेजने वाले शाहजहांपुर के बच्चों से मुलाकात की। इस दौरान राजपाल यादव भावुक नजर आए। बच्चे भी बहुत खुश थे। राजपाल यादव ने बच्चों के साथ फोटो भी खिंचवाई। उन बेंचों पर भी बैठे, जहां बच्चे बैठकर पढ़ाई करते हैं।



बच्चों ने राजपाल को तोहफा दिया, तो वह कहने लगे कि हमें गिफ्ट नहीं चाहिए। हम आपके लिए गिफ्ट लेकर आएंगे। राजपाल ने अपने जेल में बिताए समय को भी याद किया। कहा- वह ऐसा समय था, जब इन बच्चों का 'भाव' देखने को मिला था। इस स्नेह की कीमत अमूल्य है। जल्द ही बच्चों के इस भाव को लौटाएंगे।

**बच्चों के साथ आधा घंटा रहे राजपाल यादव-** राजपाल यादव मंगलवार दोपहर साढ़े 3 बजे गुरुकुल सेवा ट्रस्ट कोचिंग पहुंचे। यहां करीब आधा घंटा रहे। गुरुकुल सेवा ट्रस्ट के संचालक कुमार सागर ने उनका वेलकम किया। बच्चे भी अपने फेवरेट अभिनेता को देखकर खुशी से झूम उठे।

**ग्रीटिंग कार्ड और शोपीस गिफ्ट किया-** राजपाल ने बच्चों के साथ फोटो खिंचवाई। बच्चों ने उन्हें अपने हाथ से बनाए ग्रीटिंग कार्ड और शोपीस गिफ्ट किए। जिन्हें देखकर राजपाल ने बच्चों की खूब तारीफ की। उन्हें थैंक्यू बोला। कहा- हमें आपसे गिफ्ट नहीं चाहिए। अब हम आपसे लगातार मिलते रहेंगे और आपके लिए गिफ्ट लेकर आएंगे। करीब 4 बजे राजपाल सभी को बाय बोलते हुए वहां से निकल गए। बच्चों से उन्होंने फिर आने का वादा भी किया।



**राजपाल बोले- मेरा पूरा जीवन ही बच्चों का है-** राजपाल यादव ने कहा- बच्चों के प्रति मेरा लगाव हमेशा से खास रहा है। वो ऐसा समय था (जेल जाने के दौरान का), जब बच्चों का भाव मेरे पास आया था। मेरा पूरा जीवन ही बच्चों का है। मुझे बच्चे हमेशा से बहुत प्यारे रहे हैं। ये हमारे शाहजहांपुर के बच्चे हैं। इनका जो स्नेह मिला, उसकी कोई कीमत नहीं है। कोशिश करेंगे कि इस प्यार को कैसे लौटाएं, यह अभी बताना नहीं चाहेंगे, लेकिन ये बच्चे हमारे अपने हैं।

**बच्चों की शिक्षा के लिए कुछ करना सौभाग्य-** उन्होंने बताया- इस कोचिंग में 60 बच्चे निशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। सभी आसपास के क्षेत्रों से आते हैं। बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल रही है। शिक्षा को लेकर मेरा पूरा जीवन मिशन की तरह रहा है। बच्चों की शिक्षा के लिए कुछ कर पाना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।


**हर बच्चा मेरे दिल के करीब-** राजपाल यादव ने कहा- एक-एक बच्चा मेरे दिल के बेहद करीब है। शाहजहांपुर के कटिया टोला में मेरा पहला स्कूल सरदार पटेल स्कूल था। इसके बाद राजकीय इंटर कॉलेज और ऑर्डिनेंस क्लोदिंग फैक्ट्री में हमने 2 साल तक अप्रेंटिसशिप की। स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय से पत्राचार से बीए किया। शाहजहांपुर की एक-एक गली में मैं पैदल घूम चुका हूं। इन बच्चों के लिए मेरा पूरा जीवन कुर्बान है। उन्होंने शाहजहांपुर को शहीदों, शिक्षा और प्यार-मोहब्बत की नगरी बताते हुए कहा कि इस शहर से उनका विशेष जुड़ाव है।

गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2026 के क्वालिफायर-2 मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से हरा दिया

# राजस्थान की हार के बाद रो पड़े सूर्यवंशी

## सबसे कम गेंदों में आईपीएल में हजार रन पूरे किए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ न्यू चंडीगढ़





गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2026 के क्वालिफायर-2 मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से हरा दिया। राजस्थान के फाइनल की रेस से बाहर होने के बाद वैभव सूर्यवंशी रो पड़े। उन्होंने इस मैच में सबसे कम गेंद पर हजार रन पूरे करने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। वहीं गुजरात टाइटंस ने आईपीएल में अपना सबसे बड़ा रनचेज करते हुए आईपीएल 2026 के फाइनल में जगह पक्की की।

**वैभव आईपीएल में सबसे कम गेंद पर हजार रन बनाने वाले खिलाड़ी बने-** सूर्यवंशी ने शुक्रवार को 440 गेंद में अपने 1000 आईपीएल रन पूरे किए। वे आईपीएल में सबसे कम गेंद में हजार रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने आंद्रे रसेल का रिकॉर्ड ध्वस्त किया, जिन्होंने हजार रन बनाने के लिए 545 गेंद खेली थी।

**आईपीएल में गुजरात ने अपना सबसे बड़ा सफल रन चेज किया-** गुजरात ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ क्वालीफायर-2 में 215 रन का टारगेट चेज किया। यह आईपीएल में गुजरात का अब तक का सबसे बड़ा सफल रन चेज है। इससे पहले उनको सबसे बड़ी जीत 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मिली थी। तब टीम ने अहमदाबाद में 204 रन चेज किया था।

**आईपीएल प्लेऑफ में सबसे बड़ा टारगेट चेज हुआ-** गुजरात ने राजस्थान के खिलाफ क्वालीफायर-2 में 215 रन का टारगेट हासिल किया। यह आईपीएल प्लेऑफ के इतिहास का सबसे बड़ा सफल रन चेज है। उन्होंने गुजरात रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2025 के क्वालीफायर-2 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 204 रन चेज किए थे।

**सूर्यवंशी एक सीजन में पावरप्ले में 500+ रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी-** सूर्यवंशी ने गुजरात के खिलाफ पावरप्ले में 31 रन बनाए। इसके साथ ही वह एक आईपीएल सीजन के पावरप्ले में 500 रन पूरे करने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस सीजन पावरप्ले में 233.63 के स्ट्राइक रेट से 521 रन बनाए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड सनराइजर्स हैदराबाद के डेविड वॉर्नर के नाम था, जिन्होंने 2016 में पावरप्ले में 467 रन बनाए थे।

**सूर्यवंशी आईपीएल में सबसे कम पारियों में 1000 रन बनाने वाले भारतीय बने-** सूर्यवंशी ने न्यू चंडीगढ़ में आईपीएल में अपने 1000 रन भी पूरे कर लिए। वे अपनी 23वीं पारी में इस आंकड़े तक पहुंचे। वे आईपीएल में सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले भारतीय बने। उन्होंने साई सुदर्शन को पीछे छोड़ा, जिन्होंने इसके लिए 25 पारी खेली थी। ओवरऑल आईपीएल में सबसे कम पारी में हजार रन बनाने वाले खिलाड़ियों में वे शॉन मार्श (21 पारी) और लेंडल सिमंस (23 पारी) के बाद तीसरे नंबर पर हैं।

**सूर्यवंशी ने आईपीएल में सबसे ज्यादा बार 90२ में आउट होने की बराबरी की-** सूर्यवंशी ने गुजरात के खिलाफ क्वालीफायर-2 में 96 रन पर आउट हुए। वे आईपीएल में सबसे ज्यादा बार 'नर्वस नाइंटीज' (90-99 रन) का शिकार होने वाले खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं। वे इसी सीजन पिछली चार पारी में तीसरी बार 90 से 99 रन के बीच आउट हुए। इससे पहले डेविड वॉर्नर, केएल राहुल, ग्लेन मैक्सवेल और ऋतुराज गायकवाड़ आईपीएल में 3-3 बार 90२ में आउट हो चुके हैं।

# आईपीएल फाइनल के दोनों कप्तानों का एनालिसिस



## रजत लगातार दूसरा फाइनल खेलेंगे, गिल की कप्तानी में गुजरात पहली बार खिताबी मुकाबले में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ हैदराबाद

आईपीएल 2026 के फाइनल की दोनों टीमें तय हो चुकी हैं। 31 जून को अहमदाबाद में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के बीच खिताबी मुकाबला होगा। दोनों टीमों को दूसरे टाइटल का इंतजार है।

बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने बेंगलुरु को लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचाया। उन्होंने क्वालिफायर-1 में गुजरात के खिलाफ नाबाद 93 रन की पारी खेलकर बेंगलुरु को जीत दिलाई। गुजरात के कप्तान शुभमन गिल 2025 के प्लेऑफ में हार गए थे। लेकिन इस बार उन्होंने राजस्थान के खिलाफ शतक लगाया और अपनी टीम को फाइनल में पहुंचा दिया।

**दो सीजन में कप्तानी की और दोनों बार फाइनल में-** बेंगलुरु ओवरऑल पांचवीं बार फाइनल में पहुंची। टीम ने इस सीजन से पहले 2009, 2011, 2016 और 2025 में फाइनल खेला था। रजत पाटीदार दूसरे सीजन में टीम की कमान संभाल रहे हैं और दोनों बार टीम को फाइनल में पहुंचा दिया। लीग स्टेज में बेंगलुरु 10 टीमों में पहले स्थान पर रही। कप्तान पाटीदार ने इस सीजन में 5 फिफ्टी लगाई। टीम ने उनकी कप्तानी में गुजरात, दिल्ली और मुंबई को 2-2 बार हराया। वहीं क्वालिफायर-1 में प्लेऑफ का सबसे बड़ा स्कोर 254/5 भी बनाया।

**टीम स्पिरिटः** टीम के सीनियर खिलाड़ी विराट कोहली के साथ मिलकर कप्तान पाटीदार ने खिलाड़ियों को खुलकर खेलने की आजादी दी। जिससे ड्रेसिंग रूम का माहौल पॉजिटिव रहा।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छुट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









ओएनजीसी बनाम वेदांता

# कैम्बे बेसिन ऑयल ब्लॉक पर कब्जे की जंग




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ओएनजीसी और वेदांता के बीच गुजरात के कैम्बे बेसिन ब्लॉक को लेकर कानूनी विवाद गहरा गया है। जानिए क्या है पूरा मामला और क्यों डठञ्छ को नहीं मिल पा रहा कंट्रोल। समझते हैं पूरी बात।

गुजरात के कैम्बे बेसिन में एक अहम ऑयल एंड गैस ब्लॉक के कंट्रोल को लेकर सरकारी तेल कंपनी ओएनजीसी और प्राइवेट कंपनी वेदांता के बीच कानूनी खींचतान जारी है। सरकार ने इस ब्लॉक का कॉन्ट्रैक्ट वेदांता के लिए आगे बढ़ाने से मना कर दिया था और ओएनजीसी को इसकी कमान संभालने को कहा था। लेकिन वेदांता ने इस फैसले को अदालत में चुनौती दे दी है, जिसके चलते ओएनजीसी अब तक इस ब्लॉक का ऑपरेशनल कंट्रोल अपने हाथों में नहीं ले पाई है।

**विवाद की शुरूआत और सरकार का कड़ा फैसला-** इस पूरे विवाद की जड़ में प्रोडक्शन शेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट (पीएससी) है, जो सरकार और तेल कंपनियों के बीच होता है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 19 सितंबर 2025 को एक आदेश जारी करके इस ब्लॉक के कॉन्ट्रैक्ट को आगे बढ़ाने (एक्सटेंशन) से साफ इनकार कर दिया था। आपको बता दें कि इस ब्लॉक में ओएनजीसी की 50 प्रतिशत, वेदांता की 40 प्रतिशत और इनवेनियर पेट्रोडाइन लिमिटेड की 10 प्रतिशत हिस्सेदारी है। सरकार के इस फैसले के बाद ओएनजीसी को तुरंत ब्लॉक का कामकाज अपने हाथ में लेने का निर्देश दिया गया था।

जानिए सरकार का नया प्लानः पेट्रोल पंपों पर मिलेगी सूची

# गाड़ियों के हिसाब से चुन सकेंगे इथेनॉल मिक्स पेट्रोल




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सरकार पेट्रोल पंपों पर ग्राहकों को अपनी गाड़ी के इंजन के अनुसार ई20 से लेकर ए30 तक अलग-अलग मात्रा वाले इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल चुनने का विकल्प देने की योजना बना रही है। हालांकि, उपभोक्ता ज्यादा इथेनॉल से माइलेज कम होने और पुराने इंजनों के रबर-प्लास्टिक पार्ट्स को नुकसान पहुंचने जैसी चिंताओं को लेकर थोड़े असमंजस में हैं।

आने वाले दिनों में जब आप अपनी गाड़ी में तेल भरवाने पेट्रोल पंप पर जाएंगे, तो आपको वहां पेट्रोल के कई विकल्प दिखाई देंगे। सरकार एक ऐसी महत्वाकांक्षी योजना पर काम कर रही है, जिसके तहत वाहन मालिक अपनी कार या बाइक के इंजन की क्षमता और अनुकूलता के हिसाब से खुद तय कर सकेंगे कि उन्हें कितने फीसदी इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल लेना है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार ने इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के साथ जियो-बीपी, नायरा एनर्जी और शेल जैसी निजी कंपनियों को भी ई20, ई22, ई25 और ई30 ईंधन बेचने के लिए बुनियादी ढांचा बनाने की सलाह दी है। ई20 पेट्रोल में 80 फीसदी शुद्ध पेट्रोल होता है और 20 फीसदी इथेनॉल मिलाया जाता है।

यह कदम नए इथेनॉल मिश्रणों के लिए भारतीय मानक ब्यूरो के हालिया मानदंडों के बाद उठाया गया है। यह सरकार के अप्रैल के उस प्रस्ताव के ठीक बाद आया है, जिसमें पूरी तरह से इथेनॉल से चलने वाले वाहनों को अनुमति देने की बात कही गई थी।

**रणनीतिक कदम से होगा फायदा-** मौजूदा तेल संकट के बीच यह रणनीतिक कदम भारत के लिए फायदेमंद है।?नवंबर, 2014 से फरवरी, 2026 के बीच इथेनॉल मिश्रण के कारण भारत ने 1.7 लाख करोड़ की विदेशी मुद्रा बचाई है। देश में कार्बन उत्सर्जन में 8.7 करोड़ टन की कमी आई है, जो 35 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है। मार्च, 2026 तक भारत का इथेनॉल उत्पादन बढ़कर 20 अरब लीटर हो चुका है, जबकि वर्तमान 20 फीसदी मिश्रण के लिए सिर्फ 11 अरब लीटर की जरूरत है। इस अतिरिक्त क्षमता को खपाने के लिए ई22 और ई30 जैसे विकल्प लाना जरूरी है, ताकि किसानों और चीनी मिलों को फायदा हो सके।

### उपभोक्ताओं में नए ईंधन को लेकर दो बड़ी चिंताएं

दरअसल, सरकार के इस कदम के पीछे इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को लेकर उपभोक्ताओं के मन में दो सबसे बड़ी चिंताएं हैं, जिन्हें लेकर बाजार में लगातार बहस चल रही है।

- **पहली चिंताः** इथेनॉल में शुद्ध पेट्रोल के मुकाबले ऊर्जा घनत्व कम होता है। इसका मतलब है कि पेट्रोल में इथेनॉल की मात्रा जितनी ज्यादा होगी, गाड़ी का माइलेज उतना ही कम होने की आशंका रहती है। हालांकि, सरकार का दावा है कि ई20 से प्रदर्शन एवं पिकअप बेहतर होता है और माइलेज में कोई भारी गिरावट नहीं आती।
- **दूसरी चिंताः** इंजन पुराना होने पर ज्यादा इथेनॉल वाला पेट्रोल उसके रबर पार्ट्स, पाइप और प्लास्टिक उपकरणों को नुकसान पहुंचा सकता है, क्योंकि इथेनॉल में नमी सोखने की प्रवृत्ति होती है। इससे इंजन में जंग लगने का खतरा रहता है।

### पेट्रोल पंपों पर करने होंगे कुछ बदलाव

देशभर में मौजूद करीब एक लाख पेट्रोल पंपों पर नई व्यवस्था लागू करने के लिए कुछ जमीनी बदलाव करने होंगे। खुदरा काउंटरों पर अलग-अलग मिश्रण वाला पेट्रोल बेचने के लिए अलग डिस्पेंसिंग नोजल, भूमिगत भंडारण टैंक और ब्लेंडिंग कंट्रोल सिस्टम लगाने होंगे। जानकारों के मुताबिक, यह बदलाव ज्यादा खचीर्ला या जटिल नहीं होगा। मौजूदा डिस्पेंसिंग सिस्टम (जिसमें अभी प्रीमियम, रेगुलर और डीजल के नोजल होते हैं) का ही विस्तार किया जा सकता है। इसके भंडारण और टैंक का खर्च तेल कंपनियां खुद वहन करेंगी। पेट्रोल पंपों पर लगी मशीनों पर स्पष्ट अक्षरों में लिखना होगा कि वहां मिश्रित पेट्रोल का कौन सा वेरिएंट बिक रहा है, ताकि ग्राहक भ्रमित न हों। वेरिएंट के दाम भी अलग-अलग दिखाने होंगे।

पश्चिम एशिया विवाद के बावजूद

# भारत की उपलब्धि अप्रैल में सर्विस एक्सपोर्ट 12.7% उछला



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

पश्चिम एशिया संकट के बावजूद भारत का सेवा निर्यात अप्रैल में 12.7% की शानदार बढ़ोतरी हुई है। आरबीआई की रिपोर्ट और अर्थव्यवस्था का पूरा हाल यहाँ जानें। भारत के बढ़ते व्यापार की पूरी कहानी जानने के लिए अभी पढ़ें।

पश्चिम एशिया में चल रहे भारी तनाव और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था ने अपनी जबरदस्त ताकत दिखाई है। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल महीने में भारत के सर्विसेज व्यापार में आयात और निर्यात, दोनों मोर्चों पर शानदार विस्तार देखने को मिला है। इस तेजी ने स्पष्ट कर दिया है कि भू-राजनीतिक झटके भी फिलहाल भारत के सेवा क्षेत्र की रफ्तार को धीमी नहीं कर पा रहे हैं।

**वैश्विक चुनौतियों को दी मात-** व्यापार में यह शानदार ग्रोथ ऐसे समय में दर्ज की गई है, जब पश्चिम एशिया में लगातार भू-राजनीतिक तनाव बना हुआ है। इस वैश्विक संकट ने न सिर्फ दुनिया भर के देशों की आर्थिक गतिविधियों को बुरी तरह प्रभावित किया है, बल्कि इसके कारण भारतीय मुद्रा की कीमत में भी गिरावट देखने को मिली है। इन तमाम विपरीत वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद भारतीय निर्यातकों ने अपना मजबूत प्रदर्शन जारी रखा है।

**क्या है अर्थव्यवस्था की असल ताकत-** भारतीय अर्थव्यवस्था की इस मजबूती का विस्तार से जिक्र आरबीआई ने अपनी 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट में भी किया है। रिजर्व बैंक की रिपोर्ट बताती है कि वैश्विक नीतियों से जुड़ी भारी अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनावों के बीच भी भारत का बाहरी क्षेत्र व्यापक रूप से मजबूत और लचीला बना हुआ है।

खाने-पीने की चीजें और पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स महंगे होंगे

# पैकेजिंग मटीरियल 56% तक महंगा हुआ

## कंपनियों पर कच्चे माल की लागत का दबाव




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आने वाले दिनों में रोजमर्रा के इस्तेमाल वाले जरूरी कंज्यूमर प्रोडक्ट्स महंगे हो सकते हैं। सिस्टेमैटिक्स रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक, कच्चे माल की बढ़ती कीमतों के कारण कंपनियां लगातार महंगाई के दबाव में हैं, जिससे वे अपने प्रोडक्ट्स के दाम बढ़ा सकती हैं।

**पिछले दो महीनों में 3 से 7% तक बढ़ चुके हैं दाम-** रिपोर्ट में बताया गया है कि अलग-अलग कैटेगरी की कंपनियों ने पिछले एक से दो महीनों में ही अपने प्रोडक्ट्स की कीमतों में औसतन 3% से 7% तक की बढ़ोतरी कर दी है। इसकी मुख्य वजह यह है कि कंपनियों की रॉ मटीरियल बास्केट की लागत में औसतन करीब 10% बढ़ी है।

**रिटेल महंगाई बढ़कर 3.48% पर पहुंची-** अप्रैल की रिटेल महंगाई बढ़कर 3.48% पर पहुंच गई है। इससे पहले मार्च में यह 3.40% थी। महंगाई बढ़ने की सबसे बड़ी वजह खाने-पीने की चीजों के दामों का बढ़ना है। फूड इन्फ्लेशन अप्रैल में बढ़कर 4.20% पर पहुंच गई। मार्च में यह आंकड़ा 3.87% था।

**कंपनियां कीमत बढ़ाने के साथ घटा सकती हैं वजन-** इनपुट कॉस्ट में हुई इस बढ़ोतरी की भरपाई करने के लिए कंपनियां कीमते बढ़ाने के साथ-साथ 'ग्रामेज कट' यानी पैकेट का वजन घटाने का तरीका भी अपना सकती हैं।

### पाम ऑयल, क्रूड और पैकेजिंग कॉस्ट बढ़ी

रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ खास कैटेगरीज में लागत बहुत तेजी से बढ़ी हैः

**पैकेजिंग मटीरियल** : शैम्पू की बोतलें, डिटर्जेंट कंटेनर और फ्लेक्सिबल पैकेजिंग में इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक की कीमतें 56% तक बढ़ गई हैं।

**क्रूड और पाम ऑयलः** पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के बीच ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमतें 32% तक उछल गई हैं। वहीं पाम ऑयल के दाम में भी 11% की तेजी आई है।

**कंपनियों के मुनाफे और मार्जिन पर असर दिखेगा-** कच्चे माल की इस महंगाई का असर मार्च तिमाही में ही दिखने लगा था, जब बड़ी कंपनियों का ग्रॉस मार्जिन घटा था। सालाना आधार पर ये 0.50% घटा है। इस मौजूदा महंगाई का सबसे बड़ा असर वित्त वर्ष 2027 की पहली छमाही में दिखाई देगा। मौजूदा लागत बढ़ोतरी की भरपाई के लिए कंपनियों ने अपने सामान के दाम तो बढ़ा रही हैं, जिससे वे घाटे से बच जाएं। लेकिन महंगाई इतनी ज्यादा है कि साल 2026-27 में कंपनियों का कुल मुनाफा प्रतिशत (मार्जिन) कम रहने की आशंका बनी हुई है।

**कमाई बढ़ेगी पर खपत घटने की आशंका-** रिपोर्ट में यह चेतावनी भी दी गई है कि बढ़ती रिटेल महंगाई के कारण आने वाले महीनों में कंजम्पशन वॉल्यूम (सामान की कुल खपत या बिक्री) पर बुरा असर पड़ सकता है।

**नॉलेज पार्ट- ग्रामेज कट या 'श्रिंकफ्लेशन'**: जब कंपनियां अपने किसी प्रोडक्ट की कीमत को बिना बदले, उसके अंदर मिलने वाले सामान का वजन कम कर देती हैं, तो इसे इकोनॉमिक्स की भाषा में 'श्रिंकफ्लेशन' या ग्रामेज कट कहते हैं. कंपनियां ऐसा इसलिए करती हैं ताकि ग्राहक को सीधे तौर पर दाम बढ़ा हुआ न लगे और कंपनी का प्रॉफिट मार्जिन भी बच जाए।

पश्चिम एशिया संकटः

# रसोई तक पहुंची महंगाई की आंच, 13 फीसदी बढ़ गईं खाद्य तेल की कीमतें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ईरान संकट के चलते भारतीय रसोई का बजट पूरी तरह गड़बड़ा गया है, जिसके कारण फरवरी से अब तक थोक खाद्य तेलों की कीमतों में करीब 13 फीसदी का भारी उछाल आया है। चूंकि भारत अपनी खाद्य तेल की 60 फीसदी जरूरतों के लिए विदेशों पर निर्भर है, इसलिए कमजोर रुपये और महंगी माल ढुलाई का सीधा असर घरेलू बाजार पर पड़ रहा है।

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजारों को हिलाकर रख देने वाली भू-राजनीतिक उथल-पुथल ने अब भारतीय रसोई के बजट पर सीधा हमला बोल दिया है। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की मार से पहले से ही परेशान आम परिवारों के लिए खाद्य तेलों की यह नई तपिश एक बड़ा झटका है। इस साल फरवरी से अब तक अलग-अलग खाद्य तेलों की थोक कीमतों में करीब 13 फीसदी का उछाल आ चुका है।

आइग्रेन इंडिया के संस्थापक राहुल चौहान का कहना है कि पश्चिम एशिया युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में ट्रांसपोर्टेशन, बीमा और ट्रांजिट लागत बहुत बढ़ गई है। डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोर होने से पाम तेल का आयात पहले के मुकाबले अब महंगा पड़ रहा है। चौहान का कहना है कि छोटी अवधि में इन ऊंचे भावों पर बाजार थोड़े समय के लिए रुक सकते हैं और कुछ मुनाफावसूली देखने को मिल सकती है। लेकिन, लंबी अवधि का आउटलुक बेहद मजबूत नजर आ रहा है। इंडोनेशिया का बायोफ्यूल के लिए 50 फीसदी पाम तेल मिलाने का कार्यक्रम सफल रहने पर पाम तेल के निर्यात में और गिरावट आएगी।?ईंधन महंगा होने से किसानों की लागत एवं माल ढुलाई के खर्च में आगे और बढ़ोतरी होगी, जिससे लंबी अवधि में खाद्य तेल की कीमतों में तेजी बनी रहने का अनुमान है। भारत खाद्य तेल जरूरतों का 60 फीसदी आयात करता है। घरेलू कीमतें सीधे तौर पर वैश्विक आपूर्ति व्यवधानों, शिपिंग और फ्रेट कॉस्ट से प्रभावित होती हैं। पहले रूस-यूक्रेन संघर्ष ने सूरजमुखी तेल की आपूर्ति रोकी और अब ईरान तनाव ने वनस्पति तेल बाजारों को संकट में डाल दिया है।

### अमरनाथ यात्रा में रिकॉर्ड 80 हजार जवानों की होगी तैनाती, 5 लाख श्रद्धालु आ सकते हैं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अमरनाथ यात्रा को लेकर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। 3 जुलाई से शुरू होकर 28 अगस्त तक चलने वाली यात्रा के लिए 80 हजार से ज्यादा सुरक्षा कर्मियों की तैनाती होगी। इसे अमरनाथ यात्रा के लिए अब तक की सबसे बड़ी सुरक्षा तैनाती बताया जा रहा है। इसके लिए करीब 60 हजार अर्धसैनिक बल (लगभग 700 कंपनियां सीएपीएफ) जम्मू-कश्मीर लाए जाएंगे। इसके अलावा, राज्य में पहले से तैनात जम्मू-कश्मीर पुलिस और सेना के 20 हजार जवानों को भी यात्रा ड्यूटी में लगाया जाएगा। इस बार सुरक्षा बढ़ाने की एक वजह यह भी है कि यात्रा की अवधि करीब दो महीने कर दी गई है। 2025 में यात्रा 38 दिन की थी। इस साल 5 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है।

### कर्नाटक में संपत्ति विवाद के चलते 6 लोगों की हत्या; 10 एकड़ जमीन को लेकर पुराना झगड़ा

कर्नाटक के विजयापुरा में संपत्ति विवाद के चलते शुक्रवार दोपहर 2 से 2:30 बजे के बीच गोविंदपुरा गांव में छह लोगों की हत्या कर दी गई। इनमें से पांच लोग एक ही परिवार के थे। मृतकों की पहचान दुंडप्पा निरल (65), शिवपुत्र निरल (58), चंद्रकांत उर्फ चंदू निरल (55), राहुल निरल (25), समर्थ निरल (23) और शब्बीर अत्तार (45) के रूप में हुई है, जबकि इस घटना में अरविंद (72) और संदीप (33) नामक दो लोग घायल हुए हैं। पुलिस की शुरुआती जांच के मुताबिक, पीड़ितों के परिवार और पास के गांव के एक अन्य परिवार के बीच करीब 10 एकड़ जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

### डीजल-आइसोब्यूटेनॉल की ब्लेंडिंग इसी साल से संभव

केंद्र सरकार पेट्रोल के बाद डीजल की भी ब्लेंडिंग शुरू कर सकती है। सड़क, परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय के सचिव वी. उमाशंकर ने शुक्रवार को कहा कि भारत इस साल के अंत तक डीजल में आइसोब्यूटेनॉल मिलाने का आदेश ला सकता है।

### अमेजन के मालिक बोले- सभी कर्मचारी सुरक्षित, फिर कोशिश करेंगे

# बेजोस की कंपनी का रॉकेट लॉन्चपैड पर ब्लास्ट, टेस्टिंग के दौरान हादसा






ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अमेजन के मालिक जेफ बेजोस की कंपनी ब्लू ओरिजिन के न्यू ग्लेन रॉकेट में टेस्ट के दौरान लॉन्च पैड पर ब्लास्ट हो गया। फुटेज में देखा जा सकता है कि धमाके के बाद रॉकेट आग के बड़े गोले में तब्दील हो गया।

ब्लू ओरिजिन ने बताया कि फ्लोरिडा के केप कैनावेरल में गुरुवार रात करीब 9:00 बजे हॉटफायर टेस्ट किया जा रहा था। इसी टेस्ट के दौरान रॉकेट में गड़बड़ी आ गई और यह हादसा हो गया। यह टेस्ट आने वाले दिनों में होने वाले एक लॉन्चिंग की तैयारी के सिलसिले में किया जा रहा था। हॉट फायर टेस्ट किसी रॉकेट को अंतरिक्ष में भेजने से पहले उसके इंजन की क्षमता जांचने की एक बेहद जरूरी प्रक्रिया है। इसमें रॉकेट को लॉन्चपैड पर ही क्लैम्प्स की मदद से जमीन से कसकर बांध दिया जाता है। फिर तय समय के लिए उसके इंजनों को पूरी ताकत से चालू किया जाता है। ब्लू ओरिजिन के फाउंडर जेफ बेजोस ने कहा कि हादसे में सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं। हम हादसे की वजह का पता लगाने में जुट गए हैं। आज का दिन बेहद कठिन रहा, लेकिन जिस भी चीज को दोबारा बनाने की जरूरत होगी, हम उसे फिर से बनाएंगे और उड़ान पर वापस लौटेंगे। ब्रेवार्ड काउंटी इमरजेंसी मैनेजमेंट के मुताबिक, लॉन्च पैड पर हुए इस विस्फोट से आम जनता को कोई खतरा नहीं है। अमेरिकी स्पेस फोर्स ने जानकारी दी है कि इमरजेंसी रेस्पॉन्डर्स घटना स्थल पर मौजूद हैं। इसके साथ ही अधिकारी उपलब्ध डेटा का मूल्यांकन करने और घटना के सटीक कारण का पता लगाने के लिए ब्लू ओरिजिन के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

#### नासा ने कहा- स्पेसफ्लाइट आसान नहीं, पूरी जांच का समर्थन करेंगे

नासा के एडमिनिस्ट्रेटर जैरेड इसाकमैन ने कहा कि स्पेसफ्लाइट किसी को माफ नहीं करती। हैवी-लिफ्ट लॉन्च क्षमता विकसित करना असाधारण रूप से कठिन काम है। हम इस घटना की पूरी जांच का समर्थन करते हैं। आगामी मिशनों पर इसके प्रभावों का आकलन करने और रॉकेट लॉन्चिंग पर वापस लौटने के लिए अपने पार्टनर्स के साथ मिलकर काम करेंगे।

ब्लू ओरिजिन के साथ पिछले कुछ समय में यह दूसरी बड़ी समस्या है। पिछले महीने ही फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने एक सैटेलाइट की असफल लॉन्चिंग से जुड़े हादसे की जांच के आदेश दिए थे, जिसके बाद कंपनी के न्यू ग्लेन को ग्राउंडेड कर दिया गया था।

पिछले साल नवंबर में ब्लू ओरिजिन ने फ्लोरिडा से एक 'न्यू ग्लेन' रॉकेट को सफलतापूर्वक लॉन्च किया था। उस मिशन के दौरान कंपनी ने पहली बार अपने रीयूजेबल बूस्टर की सफल लैंडिंग कराने में कामयाबी हासिल की थी। ब्लू ओरिजिन ने करीब 10 साल में अरबों डॉलर खर्च कर-के इस न्यू ग्लेन रॉकेट को तैयार किया है। यह रॉकेट 29 मंजिला ऊंची इमारत जितना बड़ा है, जिसके फर्स्ट स्टेज को दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है यानी यह रीयूजेबल रॉकेट है। इसे इलॉन मस्क के फॉल्कन रॉकेट्स और शक्तिशाली स्टारशिप का मुकाबला करने के लिए डिजाइन किया गया है।

# यूपी-बिहार में आंधी-बारिश से 48 मौतें:सहारनपुर में 10 गाड़ियां बहीं; बिहार में 4 फ्लाइट डायवर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश में गर्मी के बीच 15 से ज्यादा राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। बिहार में पिछले 24 घंटे में आंधी-बारिश और बिजली गिरने से 17 लोगों की मौत हुई है। पटना में बारिश के चलते 4 विमान डायवर्ट किए गए। जबकि 18 फ्लाइट लेट रही। इससे करीब 500 से ज्यादा यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। आज प्रदेश के 25 जिलों में बारिश की संभावना है।

उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटे में आंधी-तूफान की वजह से 31 लोगों की मौत हो गई है। सहारनपुर में भारी बारिश के बाद पहाड़ी से तेज बहाव के साथ पानी नीचे आ गया। इससे इनोवा-ट्रैक्टर समेत 10 गाड़ियां बह गईं। आज भी सभी 75 जिलों में बारिश का अलर्ट है। राजस्थान में शनिवार को 30 जिलों में आंधी के साथ ओले गिर सकते हैं। एक दिन पहले चूरू, हनुमानगढ़, बीकानेर, सीकर समेत 9 जिलों में तापमान 10 डिग्री तक गिर गया। पंजाब के पठानकोट में शनिवार सुबह ओले गिरे हैं। वहीं, मोहाली में तेज बारिश हुई। मौसम विभाग ने बताया कि मानसून अगले 7 दिनों में केरलम पहुंच सकता है। हालांकि विभाग ने इस साल मानसून के सामान्य से कमजोर रहने का अनुमान भी जताया है। जून से सितंबर तक देश में औसतन सामान्य से कम बारिश हो सकती है। इस बार मानसून की बारिश लॉन्ग पीरियड एवरेज (एलपीए) का करीब 90% रह सकती है। देश में सामान्य मानसूनी बारिश का औसत 87 सेंटीमीटर माना जाता है। मौसम विभाग ने कहा कि बिहार, यूपी में सामान्य बारिश हो सकती है, लेकिन बाकी कई हिस्सों में सामान्य से कम बारिश होने की आशंका है। खासकर बारिश पर निर्भर खेती वाले इलाकों में मानसून कमजोर रह सकता है।

राजस्थान में शनिवार को 30 जिलों में आंधी के साथ ओले और बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होने से मौसम बदल गया है। शुक्रवार (29 मई) को उत्तर-पूर्वी जिलों में आंधी-बारिश कारण तापमान 10 डिग्री तक गिर गया। चूरू, हनुमानगढ़, बीकानेर, सीकर, अलवर, जयपुर, भरतपुर, झुंझुनूं, करौली में बारिश के साथ ओले गिरे। सबसे ज्यादा बरसात झुंझुनूं जिले के मलसीसर में हुई। यहां 43 मिमी (करीब 2 इंच) पानी बरसा। दौसा जिले में अंधड़ के कारण हुए हादसे में एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई।



#### भोपाल-उज्जैन में गर्मी से राहत मिलेगी

भीषण गर्मी और हीटवेव (लू) के बीच मध्य प्रदेश में अब आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का दौर शुरू हो गया है। शुक्रवार को ग्वालियर समेत कई जिलों में बारिश हुई। शनिवार को भी ऐसा ही मौसम रहने की संभावना है। (मौसम केंद्र) के अनुसार, ग्वालियर समेत 9 जिलों में ओले और बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। जिन जिलों में शनिवार को ओले गिरने का ऑरेंज अलर्ट है, उनमें ग्वालियर, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, नीमच और मंदसौर शामिल हैं। 25 मई से नौतपा की शुरुआत हुई है। पहले ही दिन से प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर शुरू हुआ। 18 मई से ही खजुराहो-नौगांव सबसे गर्म बने हुए हैं। इस अवधि में यहां अधिकतम तापमान रिकॉर्ड 47 डिग्री के पार पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार, 30 मई को भी कुछ जिलों में नौतपा तपेगा, लेकिन इसके बाद अधिकांश जिलों में बारिश का दौर शुरू हो जाएगा।

### देश में घरेलू हिंसा दर 29.2% से घटकर 22.3% हुई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली


नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे 2023-24 की रिपोर्ट शुक्रवार को जारी हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक, महिलाओं में मोटापा साल 2019-21 के मुकाबले 7% बढ़ गया। देश में घरेलू हिंसा की दर 29.2% से घटकर 22.3% पर आ गई है। वहीं, बाल विवाह का कुल आंकड़ा 23.3% से घटकर 20.1% रह गया है। कामकाजी महिलाएं 30.8% तक पहुंच गईं, जो पहले 25.4% थीं। वहीं, निजी अस्पतालों में होने वाली सिजेरियन डिलीवरी 54.1% के रिकॉर्ड स्तर पर है। शुरुआती 6 महीनों तक शिशुओं को ह्यकेवल स्तनपानह्व कराने की दर 63.7% से गिरकर 55.8% पर आ गई है। 98.3% घरों में बिजली और 96.5% घरों में साफ पानी पहुंच चुका है। महिलाओं में इंटरनेट का उपयोग दोगुना होकर 64.3% पर पहुंच गया है। देश में अब कुल 18.8% परिवारों में महिलाओं के पास मकान या जमीन का मालिकाना हक है। शहरों में 18.2% और ग्रामीण इलाकों में 19.1%। जबकि पिछले (2021) सर्वे में यह केवल 14.0% था। लेकिन परिवार नियोजन के आधुनिक तरीके (जैसे गोली, कंडोम, नसबंदी) अपनाने वाली महिलाओं की संख्या में गिरावट आई है और यह पिछले सर्वे के 56.4% से घटकर अब कुल 52.7% रह गई है।

#### कुपोषित बच्चों में बच्चों में नाटापन घटा

2021 के सर्वे में कुपोषित बच्चों में नाटेपन का आंकड़ा 35.5% था, जो अब घटकर 29.3% पर आ गया है। बच्चों की लंबाई में आया यह 6.2 प्रतिशत अंकों का सुधार एक बहुत बड़ी और सकारात्मक राहत है।

### संसद की मंजूरी बाकी

# अमेरिका में 250 डॉलर के नोट पर ट्रम्प की तस्वीर, 150 साल पुराना नियम बदलने की तैयारी






ब्रह्मास्त्र ›› वॉशिंगटन

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प की तस्वीर वाले 250 डॉलर के नोट को जारी करने की तैयारी शुरू हो गई है। ट्रम्प सरकार का कहना है कि अगर कांग्रेस (संसद) कानून बदल देती है, तो नया नोट छापने का रास्ता साफ हो जाएगा। अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने बताया कि अभी अमेरिका में एक नियम है, जिसके तहत किसी जीवित व्यक्ति की तस्वीर नोट पर नहीं छापी जा सकती। इसी नियम में बदलाव की कोशिश चल रही है। अगर प्रस्ताव पास हो जाता है, तो ट्रम्प अमेरिकी नोट पर छपने वाले 150 साल से ज्यादा समय बाद पहले जीवित व्यक्ति होंगे। अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने गुरुवार को व्हाइट हाउस ब्रीफिंग में ट्रम्प की तस्वीर वाले नोट को जारी करने की जानकारी दी। बेसेंट ने बताया कि 2026 में अमेरिका अपनी स्थापना के 250 साल पूरे करेगा। ऐसे मौके पर उस समय के राष्ट्रपति की तस्वीर वाला स्मारक नोट जारी करने में कुछ गलत नहीं है। हालांकि फिलहाल यह सिर्फ प्रस्ताव है और इसे लागू करने के लिए कांग्रेस की मंजूरी जरूरी होगी। वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प प्रशासन ने अमेरिकी करेंसी छापने वाली एजेंसी ब्यूरो ऑफ इंग्रेविंग एंड प्रिंटिंग (इएढ) को नए नोट का डिजाइन तैयार करने के निर्देश दिए हैं। प्रस्तावित डिजाइन में ट्रम्प की तस्वीर नोट के बीच में रखी गई है। ट्रम्प की तस्वीर वाले 250 डॉलर के नोट का प्रस्ताव पिछले साल साउथ कैरोलिना के रिपब्लिकन सांसद जो विल्सन ने पेश किया था। फरवरी 2025 में इस बिल को हाउस फाइनेंशियल सर्विसेज कमेटी के पास भेजा गया था। अब इसे कानून बनने के लिए हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव और सीनेट दोनों से मंजूरी लेनी होगी।

इससे पहले मार्च में अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने घोषणा की थी कि अमेरिकी नोटों पर ट्रम्प के हस्ताक्षर भी जोड़े जाएंगे। इसे अमेरिका की 250वीं वर्षगांठ समारोह से जोड़कर देखा जा रहा है।

## ट्रम्प बोले- ईरान परमाणु बम नहीं बनाएगा, अमेरिका नाकेबंदी हटाएगा




ब्रह्मास्त्र ›› वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ संभावित समझौते की कई शर्तों का खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि ईरान परमाणु हथियार नहीं बनाएगा। इसके साथ ही होर्मुज स्ट्रेट जहाजों के लिए पूरी तरह खुला रहेगा और वहां किसी तरह का टोल नहीं लगाया जाएगा।

ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अमेरिका अपनी नौसैनिक नाकेबंदी हटा रहा है। होर्मुज में बिछाई गई सभी समुद्री माइंस हटाई जाएंगी। अमेरिका पहले ही कई माइंस को नष्ट कर चुका है और बाकी माइंस हटाने की जिम्मेदारी ईरान पूरी करेगा।

## 14 साल के श्रेय ने स्पेलिंग बी प्रतियोगिता जीती, 90 सेकंड में 32 शब्द सही लिखे




ब्रह्मास्त्र ›› वॉशिंगटन

अमेरिका की सबसे कठिन मानी जाने वाली प्रतियोगिता ह्यस्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बीह्न का खिताब 14 साल के भारतीय-अमेरिकी छात्र श्रेय पारिख ने जीत लिया है। कैलिफोर्निया के श्रेय पारिख ने 90 सेकंड में 32 शब्दों की सही स्पेलिंग लिखी और न्यू जर्सी के 12 साल ईशान गुप्ता को हराकर यह खिताब जीता।

कैलिफोर्निया के रैंचो कुकामोंगा निवासी श्रेय पारिख आठवीं कक्षा के छात्र हैं। स्पेलिंग बी के नियमों के अनुसार यह उनका आखिरी साल था, क्योंकि आठवीं कक्षा के बाद प्रतियोगी हिस्सा नहीं ले सकते। जीत के साथ उन्हें 50 हजार डॉलर की पुरस्कार राशि और प्रतिष्ठित स्क्रिप्स कप मिला। यह लगातार पांचवीं बार है जब किसी भारतीय मूल के छात्र ने स्पेलिंग बी का खिताब जीता है।


### 9वें राउंड तक नहीं मिला कोई विजेता

इस बार मुकाबला इतना कड़ा था कि 9 राउंड के बाद भी विजेता तय नहीं हो सका। श्रेय ने फिलेपिट्टा और ईशान ने एटेबोले शब्द सही लिखे, जिसके बाद निर्णायकों ने स्पेल-ऑफ कराया।

स्पेल-ऑफ में 90 सेकंड के भीतर ज्यादा से ज्यादा शब्दों की सही स्पेलिंग बतानी होती है। श्रेय ने 35 में से 32 शब्द सही बताए और नया रिकॉर्ड बना दिया। ईशान ने 25 शब्द सही लिखे। एक विजेता तय करने के लिए 2021 में स्पेल-ऑफ नियम शुरू किया गया था। इसमें एक प्रतियोगी मंच पर स्पेलिंग बताता है, जबकि दूसरा अलग कमरे में हेडफोन लगाकर बैठता है। बाद में दोनों से वही शब्द उसी क्रम में पूछे जाते हैं।

'नेशनल स्पेलिंग बी' की शुरूआत 1925 में वॉशिंगटन डीसी में हुई थी। पहली प्रतियोगिता में सिर्फ 9 बच्चों ने हिस्सा लिया था। 11 साल के फ्रैंक न्यूहॉसर पहले विजेता बने थे और उन्हें 500 डॉलर के सोने के सिक्के पुरस्कार में मिले थे। बालू नटराजन नाम के पहले भारतवंशी छात्र ने 1985 में इस खिताब को जीता था। इसके बाद रागेश्री रामचंद्रन ने 1988 में जीत हासिल की।

# नेतन्याहू का गाजा के 70% हिस्से पर कब्जे का आदेश, लोग बोले- 100% कंट्रोल में लो




इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा पट्टी के 70% हिस्से पर सैन्य नियंत्रण लेने का आदेश दिया है।

वेस्ट बैंक में गुरुवार को एक कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा, ҇हम इस समय हमास को दबा रहे हैं। अब हम गाजा पट्टी के 60% इलाके को कंट्रोल करते हैं। पहले हम 50% पर थे, फिर 60% पर पहुंचे। मैंने आदेश दिया है कि इसे बढ़ाकर...\ तभी भीड़ में से किसी ने चिल्लाकर कहा, 100%। इस पर नेतन्याहू ने कहा, ҇एक-एक कदम आगे बढ़ते हैं। पहले 70% तक पहुंचते हैं। फिलहाल वहीं से शुरूआत करते हैं। हम हर तरफ से उन पर दबाव बना रहे हैं और बाकी बचे लोगों से भी निपटेंगे।

यह कदम अक्टूबर 2025 में हुए युद्धविराम समझौते की शर्तों के विपरीत माना जा रहा है। समझौते के तहत इजराइली सेना को एक तय ह्येलो लाइनह्न के पीछे हटना था। इस लाइन के बाद गाजा का करीब 53% हिस्सा इजराइल के नियंत्रण में था। हमास का आरोप है कि इजराइल चुपचाप इस सीमा को और अंदर खिसका रहा है। अब कई रिपोर्टों के मुताबिक गाजा के करीब 60 से 64% इलाके पर इजराइल का नियंत्रण है।


इजराइल-हमास के बीच शांति योजना के अगले चरण में हमास के हथियार छोड़ने और इजराइली सेना की वापसी का प्रस्ताव है, लेकिन दोनों पक्षों के बीच बातचीत फिलहाल ठप पड़ी हुई है। पहले से ही युद्ध, बमबारी और लगातार विस्थापन की वजह से गाजा के ज्यादातर इलाके तबाह हो चुके हैं। द गार्डियन की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर इजराइल 70% इलाके पर कब्जा कर लेता है, तो गाजा के करीब 22 लाख लोगों को कुल जमीन के एक-तिहाई से भी कम हिस्से में रहना पड़ेगा।


### सीजफायर के बावजूद 900 फिलिस्तीनियों की मौत

इजराइल-हमास के बीच अक्टूबर 2025 में सीजफायर का ऐलान हुआ था। 7 महीने बीतने के बाद भी इजराइली सेना गाजा में हमले कर रही है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि सीजफायर लागू होने के बाद से अब तक करीब 900 फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। इजराइली सेना ने ह्येलो लाइनह्न के आसपास बड़े इलाके को नो-मैन्स-लैंड घोषित कर दिया है। यहां किसी भी गतिविधि को खतरा मानकर कार्रवाई की जा रही है। संयुक्त राष्ट्र की हालिया ब्रीफिंग में भी बताया गया कि उत्तरी गाजा के जबालिया इलाके में टैंकों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है और ड्रोन किसी भी हलचल को निशाना बना रहे हैं।

यूरोपियन काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस के विजिटिंग फेलो मुहम्मद शेहादा ने कहा कि हालात पहले ही बेहद खराब हैं। उनके मुताबिक, हर खाली जगह पर विस्थापित परिवारों के टेंट लगे हैं।

## अंतर ढूंढो...







## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## वर्ग पहेली




**बाएं से दाएं**

1. तन, शरीर-3
3. चकोर, चंद्रप्रेमी पक्षी-3
6. झगड़ा, द्वेष-3
7. मोटा आटा-2
8. खिंचाव, स्वर विस्तार-2
9. असली, शुद्ध-3
10. यंत्रशाला-4
12. कार्यविधि-3
14. चिंगारी-3
16. एक कंद जिसे सुखा कर सौंठ बनाई जाती है-4
18. दूल्हे की पगड़ी-3
20. सम्मान-2
21. प्राण, जीवन तत्व-2
22. कुशल, होनहार-3
24. राशिचक्र की एक राशि-3
25. प्रेमी, साजन-3

**ऊपर से नीचे**

2. अवलोकन, दरस-3
3. चलने का ढंग-2
4. तलघर-4
5. इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6. जलजला-3
7. रसीला, रस से भरपूर-4
8. बल, जोर, दम-3
10. चाचा, अंकल-2
11. शौहर,पति-3
13. 'दिवाने हुए गापल' की नायिका-2, 2
14. वहम, संदेह-3
15. राजा, सम्राट-3
16. उपद्रवी, आतंकी-4
17. गिरवी रखी वस्तु-3
20. बैठने की जगह-3
21. शराब का प्याला-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 29 | | 45 | | 9 | | 12 | = | 53 |
| | | | | | | | | |
| 59 | | 20 | | 6 | | 20 | = | 25 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | 20 | | 20 | | 25 | = | 45 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 2 | | 2 | | 25 | = | 25 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 40 | | 10 | | 33 | | 32 | = | 48 / 31 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जि | दि | ल | ज | ले | म | ज | व | न | र | क |
| दा | स | यू | न | आ | बा | शी | द | इ | ह | ल |
| स | व | दे | पू | ह | जी | ल | न | ग | क | हे |
| र | धी | न | श | ट | ज | झा | म | पा | त | न |
| फ | त | ई | ड | में | व | खें | न | भ | र्क | हे |
| रो | मे | म | सु | न | जं | पू | न | ई | र | रू |
| श | र्ज | ज | मे | ता | क | गा | श | न | ज | री |
| क | ल | ग | र | सं | ज | खम | र | ली | न | है |
| व्रे | बो | र्ज | य | सा | वि | क | री | ह | प | ला |
| त | रा | जु | न | ज | ह | त्र | व | जी | ता | त |
| वे | थी | लो | नि | या | ल | व | र | रा | त | हैं |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | 6 | |
| 3 | 24 | 6 | 37 | 2 | 32 | |
| | | | | | | 3 |
| 5 | 33 | 1 | 29 | 4 | 30 | |
| 7 | | 5 | 4 | | | 2 |
| | 38 | 4 | 31 | 3 | 29 | |
| 4 | | 7 | | | 2 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...




## रंग भरकर चित्र बनाओ




# ट्रम्प जन्मदिन पर व्हाइट हाउस में फाइटिंग कराएंगे

# मुकाबले के लिए स्टेज तैयार हो रहा, 1 लाख लोग फ्री में मुकाबला देखेंगे



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 14 जून को 80 साल के हो जाएंगे। इस मौके पर व्हाइट हाउस में अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप के मुकाबले कराए जाएंगे। वत्रळ दुनिया की सबसे बड़ी मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स संस्था है। इसमें अलग-अलग फाइटिंग खेलों के खिलाड़ी एक-दूसरे के खिलाफ मुकाबला करते हैं। चीफ डाना व्हाइट ने बताया कि व्हाइट हाउस में फाइट कराने का विचार खुद ट्रम्प ने दिया था। उनके मुताबिक इसके लिए व्हाइट हाउस के साउथ लॉन में खास फाइटिंग एरिया बनाया जा रहा है, जहां 4 हजार से ज्यादा लोग बैठ सकेंगे। इसके अलावा व्हाइट हाउस के पास एलिप्स फील्ड में फाइट्स दिखाने के लिए बड़ी स्क्रीनें लगाई जाएंगी। यहां 75 हजार से लेकर 1 लाख लोग मुफ्त में मुकाबला देख सकेंगे। व्हाइट ने बताया कि ट्रम्प चाहते थे कि यह मुकाबला अमेरिका के 250वें स्थापना वर्ष के जश्न का हिस्सा बने। अल जजीरा के मुताबिक, मुख्य मुकाबले में अमेरिकी फाइटर जस्टिन गेथजी और जॉर्जिया के स्टार फाइटर इलिया टोपूरिया आमने-सामने होंगे।




# ट्रम्प और UFC चीफ की दोस्ती काफी पुरानी

ट्रम्प और डाना व्हाइट की दोस्ती काफी पुरानी है। राजनीति में आने से पहले ट्रम्प ने UFC को अपने होटल और प्रॉपर्टी में फाइटिंग इवेंट आयोजित कराने की इजाजत दी थी। उस समय कई लोग इस खेल की आलोचना करते थे। इसके बदले डाना व्हाइट कई बार ट्रम्प के समर्थन में खुलकर बोल चुके हैं। रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में भी उन्होंने ट्रम्प के पक्ष में भाषण दिया था। डाना व्हाइट ने भी माना कि कई बार उन्हें खुद यकीन नहीं होता कि उनका खेल इस स्तर तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि कभी-कभी वह सोचते हैं कि मैं आखिर करता क्या हूं? क्योंकि आज दुनिया का सबसे ताकतवर व्यक्ति खुद वत्रळ का सबसे बड़ा प्रमोटर बन चुका है।



## 33 साल पहले UFC की शुरूआत हुई

अल्टीमेट फाइटिंग चैम्पियनशिप (UFC) दुनिया की सबसे बड़ी मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (MMA) संस्था है। इसकी शुरूआत 1993 में अमेरिका में हुई थी। उस समय अलग-अलग मार्शल आर्ट्स के लोग दावा करते थे कि उनकी तकनीक सबसे खतरनाक है। कोई बॉक्सिंग को सबसे बेहतर मानता था, कोई कराटे को, तो कोई कुश्ती या जिउ-जित्सु को। इसी बहस को असली मुकाबले में बदलने का आइडिया वत्रळ बना। पहले टूर्नामेंट में जिउ-जित्सु का इस्तेमाल करने वाले रॉयस ग्रेसी की जीत हुई। ग्रेसी बाकी फाइटर्स जितने ताकतवर या भारी-भरकम नहीं दिखते थे, लेकिन उन्होंने बड़े-बड़े बॉक्सर और कराटे फाइटर्स को जमीन पर गिराकर सबमिशन से हरा दिया। बाद में खेल बदला और लोग जीतने के लिए बॉक्सिंग, कुश्ती, जूडो, कराटे, ताइक्वांडो, जिउ-जित्सु और किकबॉक्सिंग जैसी कई फाइटिंग तकनीकों का तकनीकों का इस्तेमाल करने लगे।

## डाना व्हाइट ने UFC खरीदा बिकने के बाद भी चेहरा बने रहे

2001 में डाना व्हाइट ने अपने पुराने दोस्तों लोरेन्जो और फ्रैंक फर्टिटा के साथ मिलकर वत्रळ खरीदा था। उस समय यह संस्था लगभग दिवालिया होने वाली थी। सिर्फ 20 लाख डॉलर में UFC खरीदा गया। दिलचस्प बात यह है कि डाना व्हाइट के अध्यक्ष बनने के बाद पहला बड़ा UFC इवेंट ट्रम्प की प्रॉपर्टी ट्रम्प ताज महल में हुआ था। उस समय जब बड़े कारोबारी UFC से दूरी बना रहे थे, ट्रम्प ने इसे अपने होटल और कैसीनो में जगह दी। डाना व्हाइट आज भी कहते हैं कि ट्रम्प उन शुरूआती लोगों में थे जिन्होंने UFC पर भरोसा दिखाया।




पहले UFC को बहुत हिंसक खेल माना जाता था, जिसमें कोई भी रूल नहीं होता था। कई बार 60 किलो का फाइटर 120 किलो के खिलाड़ी से भिड़ जाता था। बाद में सुरक्षा नियम बनाए गए। इस खेल में फाइटर एक खास आठ कोनों वाले पिंजरेनुमा रिंग में लड़ते हैं, जिसे ऑक्टागन कहा जाता है। इसमें खिलाड़ी सिर्फ मुक्के ही नहीं मारते, बल्कि किक, पकड़कर गिराना और जमीन पर लड़ाई जैसी तकनीकें भी इस्तेमाल कर सकते हैं। UFC अब सिर्फ खेल नहीं, बहुत बड़ा बिजनेस भी बन चुका है। इसके बड़े मुकाबले पे-पर-व्यू पर दिखाए जाते हैं और करोड़ों डॉलर की कमाई होती है। UFC के बड़े स्टार्स में कॉनर मैकग्रेगर, खबीब नूरमगोमेदोव और जॉन जोन्स जैसे नाम शामिल हैं। खबीब नूरमगोमेदोव का नाम UFC इतिहास के सबसे खतरनाक फाइटर्स में लिया जाता है। उन्होंने अपने करियर में एक भी मैच नहीं हारा।



### ट्रम्प 1000 टिकट बांटेंगे

डाना व्हाइट ने कहा कि उनके पास बांटने के लिए 200 टिकट होंगे, जबकि ट्रम्प 1000 टिकट देंगे। वत्रळ की मालिक कंपनी ळडड ग्रुप के चीफ एरी इमैनुएल के पास भी 200 टिकट होंगे। बाकी टिकट अमेरिकी सैनिकों को दिए जाएंगे।

ट्रम्प ने हाल ही में कहा था कि वत्रळ मुकाबले के टिकटों की बहुत ज्यादा मांग है। उन्होंने कहा, मैंने कभी लोगों को किसी चीज के लिए इतना उत्साहित नहीं देखा। यह एक अलग और खास वत्रळ इवेंट होगा। अधिकारियों ने बताया कि मुकाबले से पहले खिलाड़ियों का वजन मापने की प्रोसेस लिंकन मेमोरियल में होगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, व्हाइट हाउस में इस इवेंट की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इसके अलावा, ट्रम्प अगस्त में वॉशिंगटन की सड़कों पर इंडीकार कार रेस कराने की भी तैयारी कर रहे हैं। यह रेस वॉशिंगटन मॉन्यूमेंट और अमेरिकी संसद भवन जैसी मशहूर जगहों के पास से गुजरेगी।



■ वर्ष-12 अंक-206 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 30 मई, 2026

## सुभाषितानि

राहिणि नलिनीलक्ष्मी दिवसो निदधाति दिनकराप्रभवाम्।
अनपेक्षितगुणदोषः परोपकारः सतां व्यसनम्॥

**भावार्थ :** दिन में जिसे अनुराग है वैसे कमल को, दिन सूर्य से पैदा हुई शोभा देता है। अर्थात् परोपकार करना तो सज्जनों का व्यसन-आदत है, उन्हें गुण-दोष की परवा नहीं होती।

भवन्ति नम्रस्तरवः फलोद्गमैः नवाम्बुभिर्दूरविलम्बिनो घनाः।
अनुद्धताः सत्पुरुषाः समृद्धिभिः स्वभाव एवैष परोपकारिणाम्॥

**भावार्थ :** वृक्षों पर फल आने से वे झुकते हैं (नम्र बनते हैं); पानी में भरे बादल आकाश में नीचे आते हैं; अच्छे लोग समृद्धि से गर्विष्ठ नहीं बनते, परोपकारियों का यह स्वभाव हि होता है।

## विषयस्य कस्यापि विशिष्टस्य व्यक्तिस्य, संस्थायाः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

प्रधानमन्त्रीद्वारा निर्गतनिर्देशानां पालनम् अस्माकं कर्तव्यम् अस्ति; ये एतत् कर्तव्यं न निर्वहन्ति ते एव पदस्य दुर्व्याख्यां कुर्वन्ति। एतेषु कठिनसमयेषु भ्रमणार्थं अस्माभिः एकीकृताः स्थातव्याः। अस्य विषयस्य कस्यापि विशिष्टस्य व्यक्तिस्य, संस्थायाः, सर्वकारस्य वा उपरि कोऽपि प्रभावः नास्ति; अपितु, अस्य राष्ट्रस्य सवेषां नागरिकानां निःस्वार्थभूमिकायाः प्रश्नः अस्ति। एषा भूमिका अस्माकं सवेषां बाध्यता अस्ति महङ्गानि विषये लिखितं तत् प्रथमं पोस्ट्-यत् कोलाहलं जनयति स्म- केवलं एकदिनपूर्वं स्तुतिमिश्रः फेसबुक्-माध्यमेन एतां व्यङ्ग्य-टिप्पणीं लिखितुं गतवती आसीत्- वयं तस्मिन् युगे जीवामः यत्र बङ्कः पेट्रोल-डीजलयोः ऋणं प्रदास्यन्ति-गृहस्य, कारस्य, व्यापारस्य च ऋणस्य पार्श्वे-१०% ई.एम.आइ हानि।

## सम्पादकीयम्

### गठबन्धनराजनीतिः

जनादेशस्य सम्मानं कुर्वन्। एकः बृहत्तमः दलः इति नाम्ना टीवीके सर्वकारस्य निर्माणस्य प्राथमिकं दावान् धारयति। विजयेन यत् अपारं समर्थनं प्राप्तं तत् दृष्ट्वा तस्मै एतत् अवसरं नकारयितुं सार्वजनिकजनादेशस्य विरुद्धं अन्यायः एव स्यात्। सः खलु परिवर्तनस्य आरम्भं कृतवान्, परन्तु तस्य अग्रिमः प्रमुखः परीक्षा अत्रैव आरभ्यते। गठबन्धनराजनीतिः कदापि सरलः न भवति; विशेषतः सत्तायां नित्यं सुकुमारं शक्तिसन्तुलनं भ्रमितुं, धारयितुं च अर्हति। विजयस्य अपेक्षया अपि असाधारणतया अधिकाः सन्ति। तस्य राजनेतारूपेण अपि जनाः तस्य चलच्चित्रेषु चित्रितानां पात्राणां प्रतिबिम्बं तस्य उपरि प्रक्षेपणं कुर्वन्ति। सः इदानीं जनसमूहे प्रज्वलितानां आकांक्षाणां पूर्तये कर्तव्यः-पारम्परिकद्राविडराजनीत्याः प्रस्थानस्य प्रतिनिधित्वं कुर्वन्ति आकांक्षाः। सुरक्षाव्यवस्थाः एकः प्रमुखः प्राथमिकता। बङ्गदेशे अपि रक्षकपरिवर्तनं जातम् अस्ति। भाजपा प्रथमवारं राज्ये सर्वकारस्य निर्माणं कर्तुं सज्जा अस्ति, तस्याः मुख्यमन्त्रीपदार्थं सुवेन्दु अधिकारी इत्यस्य चयनेन परिवर्तनचक्रस्य समाप्तिः भवति। एकदा टीएमसी-पक्षे द्वितीयक्रमाङ्कस्य पदं धारयन्-ममता-बनर्जी-महोदयस्य पश्चात् द्वितीयः-अधुना बङ्गाल-भाजपा-अन्तर्गत-प्रथम-अङ्कस्य पदं धारयन् सुवेन्दुः अस्ति ममतायाः शासनकाले कानूनव्यवस्था शिथिलः इति दलेन आरोपः कृतः आसीत्; फलतः सुवेन्दु-नेतृत्वेन सर्वकारेण इदानीं तान् सर्वान् विषयान् प्राथमिकताम् अदातुम् अर्हति, येषु तेषां दलेन प्रचारः।

### नीट पेपर लीक इत्यस्मिन् प्रमुखः प्रकाशनः

# धनस्य विनिमयरूपेण छात्रेभ्यः प्रेषिताः प्रश्नाः




ब्रह्मास्त्र ▸▸ पुणे

वर्तमानकाले चिकित्साप्रवेशपरीक्षां - राष्ट्रीयपात्रता सह प्रवेशपरीक्षा - सम्बद्धस्य राष्ट्रव्यापी पेपरलीककाण्डस्य अन्वेषणं कुर्वन् केन्द्रीयजागृतिब्यूरो इत्यनेन एकं प्रमुखं खुलासां कृतम्। पुणेनगरस्य एकस्याः विद्यालयस्य प्राचार्यस्य विरुद्धं गम्भीरान् आरोपान् समं कृत्वा एजन्सी न्यायालयं सूचितवती यत् सा कतिपयेभ्यः छात्रेभ्यः परीक्षासम्बद्धानि प्रश्नानि अध्ययनसामग्री च धनस्य विनिमयरूपेण प्रदत्तवती। अस्मिन् प्रकरणे पुनः शिक्षाक्षेत्रस्य अखण्डतायाः, प्रतियोगितापरीक्षाणां पारदर्शितायाः च विषये गम्भीराः प्रश्नाः उत्पन्नाः।

शुक्रवासरे सीबीआइ-संस्थायाः पुणे-नगरस्य सेठ-हीरालाल-सराफ-प्रशाला-प्रधानाध्यापिका मनीषा-संजय-हवलदार-इत्येतत् गृहीतम्। एजन्सी दावान् करोति यत् सा कथिते कागद-लीक-जालस्य प्रमुखः कडिः आसीत्। तस्याः गृहीतस्य अनन्तरं सा पुणे-न्यायालये प्रस्तुता, यत्र सीबीआइ-संस्था तस्याः पारगमन-निरोधं याचयन् अनेकानि आश्चर्यजनकतथ्यानि प्रस्तुतवती। न्यायालयेन पारगमनस्य रिमाण्ड् अनुमोदितः, अधुना सा दिल्लीनगरस्य न्यायालये प्रस्तुता भविष्यति इति अपेक्षा अस्ति।

अन्वेषणसंस्थायाः अनुसारं मनीषा हवलदारः नीट-यूजी-2026 परीक्षायाः भौतिकशास्त्रस्य विषये अधिकृतानुवादकरूपेण कार्यं कृतवती। एतस्य दायित्वस्य निर्वहणकाले सा परीक्षासामग्रीणां प्रवेशं प्राप्तवती। सीबीआई आरोपयति यत् सा एतस्याः गोपनीयसूचनायाः दुरुपयोगं कृत्वा परीक्षासम्बद्धान् प्रश्नान् अध्ययनसामग्री च कतिपयेभ्यः छात्रेभ्यः प्रसारितवती। एजेन्सी न्यायालयाय अपि सूचितवती यत् हवलदारः वनस्पतिशास्त्रस्य व्याख्याता मनीषा मन्धरे इत्यनेन सह साझेदारीरूपेण एतत् सम्पूर्णं जालं संचालितवान् इति कथ्यते।

सीबीआई-अनुसन्धानेन ज्ञातं यत् राष्ट्रियपरीक्षणसंस्थायाः (एनटीए) सह कायार्नुष्ठानकाले हवलदारः नीट्-सम्बद्धानां प्रश्नानां हस्तलिखितानि टिप्पण्यानि सज्जीकृत्य स्वस्य निग्रहे एव स्थापितवती। तदनन्तरं एतानि एव टिप्पण्यानि प्रश्नानि च व्हाट्सएप्-माध्यमेन, मुद्रण-माध्यमेन च छात्राणां कृते वितरितानि इति कथ्यते। एजेन्सी प्रतिपादयति यत् परीक्षायाः पूर्वं छात्राणां सह गोपनीयसामग्री साझां कृत्वा अन्यायपूर्णं लाभं दातुं प्रयत्नः कृतः।

### ८ नदीयां शंखसङ्ग्रहणं

# कुर्वन् डुबन्ति, ४ उद्धारिताः, २ अदृश्यः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बेङ्गलूरु

कर्नाटकस्य उत्तरकन्नडमण्डले मे-मासस्य एकः प्रमुखः त्रासदी अभवत्। अत्र वेङ्कटपुरा-नद्याः अष्टजनाः गोला-सङ्ग्रहं कुर्वन्तः जलस्तरः अचानकं वर्धितः इति कारणेन डुबन्तः। भटकलतालुकस्य शिराली-तट्टी हक्कालक्षेत्रे एषा घटना अभवत्।

कुलम् १४ जनाः वेङ्कटपुरनद्याः शंखसङ्ग्रहार्थं गतवन्तः इति कथ्यते। नदीतीरेषु तटीयप्रदेशेषु च निवसतां स्थानीयसमुदायस्य कृते एषा पारम्परिकः क्रियाकलापः अस्ति। परन्तु नद्याः जलस्तरस्य आकस्मिकं उदर्कं वर्धमानस्य कारणेन व्यक्तिः प्रवाहेन अपवाहिताः अभवन्। एषा दुःखदघटना अष्टजनानाम् प्राणान् गृहीतवती-सप्त महिलाः एकः पुरुषः च। इदानीं सम्प्रति एकस्याः लापता महिलायाः एकस्य च लापता पुरुषस्य अन्वेषणकार्यक्रमः प्रचलति।

घटनायाः अनन्तरं चत्वारः व्यक्तिः उद्धारिताः, सम्प्रति स्थानीये चिकित्सालये चिकित्सां कुर्वन्तः सन्ति। त्रासदीविषये सूचनां प्राप्य भटकलग्रामीणपुलिसः तत्क्षणमेव घटनास्थलं प्राप्तवती। मृतानां शवः शवपरीक्षणार्थं भटकलतालुकचिकित्सालये प्रेषिताः सन्ति। तदतिरिक्तं लापतानां व्यक्तिनां स्थानं ज्ञातुं प्रयत्नाः तीव्राः कृताः सन्ति। घटनासम्बद्धः प्रकरणः भटकलग्रामीणपुलिसस्थाने पंजीकृतः अस्ति। विषये वदन् एसपी दीपन एम.एन. उक्तवान् यत् एषा घटना प्रातः १०:०० वादनस्य समीपे अभवत्। १४ जनानां समूहः शंखसङ्ग्रहार्थं नदीं गतवान् आसीत्। जलप्रवाहः सहसा तीव्रः अभवत्, अष्टजनानाम् मृत्योः कारणम्। त्रयः व्यक्तिः अदृश्यः एव सन्ति। त्रीणि महिलाः उद्धारिताः; तथापि तेषां स्थितिः गम्भीरा अस्ति, तेषां उन्नतचिकित्सायाः कृते मणिपालस्य चिकित्सालये।

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन थोड़ा भागदौड़ वाला रह सकता है। काम ज्यादा रहेगा, इसलिए थकान भी महसूस हो सकती है।

**वृषभ :** आज का दिन अच्छा रहेगा। पुराने रुके काम पूरे हो सकते हैं। नौकरी और बिजनेस में फायदा मिलने के योग हैं।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों के लिए आज का दिन नए बदलाव लेकर आ सकता है। काम बढ़ सकता है, लेकिन फायदा भी मिलेगा।

**कर्क :** कर्क राशि वालों की इज्जत और पहचान बढ़ सकती है। ऑफिस में लोग आपके काम की तारीफ करेंगे।

**सिंह :** सिंह राशि वालों को मेहनत का फायदा मिलेगा। नौकरी और बिजनेस में अच्छे मौके मिल सकते हैं।

**कन्या :** कन्या राशि वालों के लिए समय अच्छा रहेगा। रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। नौकरी में नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**तुला :** तुला राशि वालों को इस समय शांत रहकर काम करना होगा। छोटी-छोटी बातों पर टेंशन लेने से बचें।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों के लिए समय अच्छा रहेगा। रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। नौकरी और व्यापार दोनों में फायदा मिलेगा।

**धनु :** धनु राशि वालों के लिए समय थोड़ा मिला-जुला रहेगा। काम में रुकावट आ सकती है, लेकिन धीरे-धीरे सब ठीक हो जाएगा।

**मकर :** मकर राशि वालों को मेहनत का फायदा मिलेगा। नौकरी और बिजनेस दोनों में अच्छे मौके मिल सकते हैं।

**कुंभ :** कुंभ राशि वालों के लिए समय सामान्य रहेगा। काम थोड़ा ज्यादा रह सकता है। रिश्तों में धैर्य रखना जरूरी होगा।

**मीन :** मीन राशि वालों के लिए समय अच्छा रहेगा। करियर और बिजनेस में फायदा मिलने के योग हैं।

## ज्योतिष/वास्तु

# केतु नक्षत्र गोचर से इन राशि वालों की बढ़ेगी दिक्कतें, 30 जून तक रहें अलर्ट

ज्योतिषियों के अनुसार, केतु का नक्षत्र गोचर बेहद प्रभावशाली होता है और इससे व्यक्ति की निर्णय क्षमता, रिश्तों और करियर पर गहराई से असर देखने को मिलता है

वर्तमान समय में केतु सूर्य की राशि सिंह में विराजमान हैं और अब वह मघा नक्षत्र के तृतीय पद में प्रवेश करने जा रहे हैं। ज्योतिष गणनाओं के अनुसार, केतु का यह नक्षत्र पद परिवर्तन 29 मई 2026 को सुबह 10 बजकर 16 मिनट से शुरू होगा और 30 जून 2026 तक प्रभावी रहेगा। मघा नक्षत्र के इस पद के स्वामी ग्रहों के राजकुमार बुध माने जाते हैं। इसलिए केतु के इस गोचर का प्रभाव जातकों की बुद्धि, संवाद, व्यापार, रिश्तों और



मानसिक स्थिति पर विशेष रूप से देखने को मिल सकता है। लेकिन कुछ लोगों की उलझनें बढ़ सकती हैं और जीवन में कई अनचाहे बदलाव आ सकते हैं। आइए जानते हैं कि, किन राशियों को इस दौरान विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होगी।

**मिथुन राशि-** मिथुन राशि वालों के लिए केतु का यह नक्षत्र परिवर्तन थोड़ी नई परेशानियों वाला माना जा रहा है। इस दौरान नए कामों की शुरुआत करने से बचना बेहतर रहेगा। जीवन में कुछ सकारात्मक बदलाव जरूर दिखाई देंगे, लेकिन साथ ही अचानक आने वाली परेशानियां मानसिक तनाव भी बढ़ा सकती हैं। किसी भी तरीके की नई यात्रा न करें। इस समय प्रेम जीवन में गलतफहमियां बढ़ने की आशंका है। परिवार वालों के साथ पुरानी बातों को लेकर अनबन हो सकती हैं। व्यापार में जल्दबाजी में लिया गया फैसला बाद में परेशानी का कारण बन सकता है।

**कन्या राशि-** ज्योतिषियों के अनुसार, कन्या राशि वालों को इस दौरान धन लाभ के लिए सामान्य से अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है। केतु के प्रभाव से जातकों को अचानक होने वाले कुछ बदलावों का सामना करना पड़ सकता है और आपके लिए असहज स्थिति पैदा कर सकते हैं। नए लोगों से आप कोई काम की अपेक्षा न रखें अन्यथा परेशानियां आ सकती हैं। कार्यक्षेत्र और कारोबार में भी दबाव बढ़ता हुआ महसूस हो सकता है। कला और मीडिया के क्षेत्र से जुड़े लोगों को नई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। मानसिक उलझनों से बचने के लिए खुद को शांत और संतुलित बनाए रखना जरूरी होगा।

**मीन राशि-** मीन राशि वालों के लिए यह समय थोड़ा सतर्क रहने का संकेत दे रहा है। व्यापार में किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेना आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियां आपको मानसिक रूप से परेशान कर सकती हैं। धन का लेनदेन न करें। नए लोगों पर जल्दी भरोसा करना नुकसान पहुंचा सकता है, इसलिए सोच-समझकर ही किसी पर विश्वास करें। वैवाहिक जीवन और विवाह से जुड़े मामलों में भी कुछ रुकावटें आने की संभावना बन रही है।

ब्रह्मास्त्र
उज्जैन, शनिवार 30 मई, 2026



## खबर एक नजर...

### मैकेनिकगिरी पड़ी भारी, युवक की कटी उंगलियां

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम जैथल टेक में शुक्रवार शाम युवक को मैकेनिक बनना भारी पड़ गया। उसकी एक हाथ की 2 उंगलिया पूरी तरह से कटकर अलग हो गई। परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। इस दौरान घायल युवक का नाम विशाल पिता देवसिंह 23 साल सामने आया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के रैफर कर दिया। परिजन निजी अस्पताल लेकर गये है। इस दौरान सामने आया कि विशाल घर पर बाइक सुधार रहा था। उसने स्टार्ट बाइक की चैन में हाथ से ग्रीस लगाने का काम किया इस दौरान चैन तेजी से घूम रही थी। उसकी दो उंगलियां चैन में फंस गई और कटकर अलग हो गई। परिजनों ने बताया कि 2 दिन से बाइक सुधारने की बात कह रहा था। उसे गैरेज पर ठीक कराने के लिये कहा था, लेकिन वह नहीं माना।

### दरवाजा बंदकर जहर खाने वाले वृद्ध की मौत

**उज्जैन।** दरवाजा बंदकर जहरीला पदार्थ खाने वाले वृद्ध की उपचार के दौरान गुरूवार–शुक्रवार रात आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर मर्ग कायम किया गया। मृतक राजेन्द्र पिता जगमोहन चौहान 52 साल निवासी दुगार्पुरा तराना का रहने वाला था। पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि फैक्ट्री में काम करते थे, लेकिन 2 साल से काम पर नहीं जा रहे थे। गुरूवार सुबह दरवाजा बंद कर लिया था। काफी देर तक नहीं खोला तो बमुश्किल आसपास के लोगों को बुलाकर दरवाजा तोड़ा गया, राजेन्द्र बेसुध हालत में पड़े थे। चिमनगंज थाना पुलिस के अनुसार घटनाक्रम तराना थाना क्षेत्र का होने पर मर्ग डायरी जांच के लिये भेजी जायेगी।

### विवाद होने पर पति ने ताल-घूसों से पत्नी को पीटा

**उज्जैन।** ग्राम गुडावन में रहने वाली भावना मजदूरी का काम करती है। उसे सोसाइटी से गेहूं मिले थे। शाम को भावना काम से लौटी तो घर में रखे गेहूं दिखाई नहीं दिये। पति सेवाराम से पूछा तो उसने बेचने की बात कहीं। भावना ने गेहूं बेचने का विरोध किया और बच्चों को क्या खिलाने की बात कहीं तो पति सेवाराम भड़क गया। उसने लात–घूसों से भावना को बुरी तरह पीट दिया। घायल हालत में बच्चों के साथ भावना बिरलाग्राम थाने पहुंची। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के बाद पति पर मारपीट करने का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। एक अन्य मामले में तराना के ग्राम दुबली में रहने वाली सुनीता को पति संजू ने ईंट से हमला कर घायल कर दिया। सुनीता को तराना अस्पताल से उपचार के लिये उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया। जहां सुनीता ने बताया कि पति शराब पीने का आदी है। नशा कर घर आया था और पानी मांगने की बात पर विवाद करते हुए ईंट से मारपीट की। तराना पुलिस सुनीता के बयान दर्ज कर पति के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

### `रेस्टोरेन्ट में ठंडा खाने खिलाने पर विवाद

**उज्जैन।** इंगोरिया के ग्राम नरसिंगा में दरबारसिंह पिता आशाराम गुर्जर ग्राम खरसोड़ा गौतमपुरा इंदौर सावंरिया रेस्टोरेंट संचालित करता है। शुक्रवार को गौतमपुरा के परिचित ईश्वर पिता दरियावसिंह सोलंकी, रघुपालसिंह पिता श्रवण और कृष्णपाल पिता कुशालसिंह पहुंचे। इस दौरान दाल–बांटी ठंडी खिलाने की बात पर तीनों ने विवाद करते हुए मारपीट कर दी। रेस्टोरेंट संचालक दरबारसिंह के साथ रघुपाल, कृष्णपाल घायल हो गये। दोनों पक्ष थाने पहुंचे, तो पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 136-0 | 399-1 |
| मेन बाजार | 378-8 | 470-1 |
| मिलन डे | 137-1 | 249-5 |
| मिलन नाइट | 237-2 | 258-5 |

1 2 7

## सीसीटीवी कैमरे में चाकू के साथ दिखे 2 आरोपी हिरासत में

# मिशो ऑफिस में युवक की चाकू मारकर हत्या

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

बाइक हटाने की बात पर विवाद होने के बाद 2 युवकों ने चाकू मारकर एक युवक की हत्या कर दी। घटनाक्रम सामने आने के कुछ घंटो बाद दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया। दोनों सीसीटीवी कैमरे में चाकू के साथ दिखाई दिये थे।




बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि विघानगर में रहने वाले मोनू पिता सुनील खैरवार 25 साल डिलेवरी बॉय का काम करता था। क्षेत्र में खुदाई का काम चल रहा था। जिसके चलते उसने दोपहर में अपनी बाइक घर की गली में अरूण इंटरप्राइजेस मिशो कंपनी के ई-काट ऑफिस के सामने खड़ी कर दी थी। इस दौरान बाइक हटाने की बात पर रितेश बौरासी और निर्मलसिंह उर्फ बिट्टू राजपूत निवासी विघानगर से उसका विवाद हो गया। मोनू ने अपनी बाइक हटा ली थी, लेकिन दोनों गाली-गलौच करने लगे। मोनू दोनों को समझाने के लिये ई-कार्ट के ऑफिस तक पहुंचा, जहां धक्का-मुक्की हो गई। तीनों विवाद करते हुए आफिस गेट से अंदर चले गये, जहां दोनों ने मोनू पर चाकू से हमला किया। चाकू का एक वार कंधे के नीचे बंगल में लगा। चाकू मारने के बाद रितेश और निर्मल भाग निकले। लहूलुहान हो चुका मोनू काफी देर तक मिशो ऑफिस के गेट पर पड़ा रहा। खून अधिक बहने से पूरा गेट परिसर खून से भर गया।

मोनू के साथ हुई चाकूबाजी की खबर परिजनों को लगी तो मौके पर पहुंचे। उसे नागदा ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर रतलाम मेडिकल कॉलेज रैफर किया गया, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी पाटीदार के अनुसार मामले में खुदाई का काम कर रहे जेसीबी चालक पिंटू पिता लालू गरासिया निवासी संकोटा तराना की शिकायत पर पहले जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज किया गया, जिसे बाद में हत्या में बदला गया है।

### कैमरे में चाकू के साथ दिखे दोनों आरोपी

थाना प्रभारी ने बताया कि घटनाक्रम के बाद मोनू की हत्या करने वाले आरोपी अज्ञात थे। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे तो हत्या करने वाले 2 आरोपी दिखाई दिये। एक चाकू हाथ में लेकर बाहर निकला था, जो चाकू को फोड़ कर बंद करके जेब में रखा और दोनों भागते दिखाई दिये। फुटेज से दोनों की पहचान कर कुछ घंटों बाद हिरासत में ले लिया गया। जिनसे पूछताछ कर चाकू बरामद करने का प्रयास जारी है। शनिवार को न्यायालय में पेश किया जायेगा।

## एनसीसी कैडेट्स ने सीखे आपदा प्रबंधन के गुर




**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

भारत सरकार गृह मंत्रालय के अधीन नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी द्वारा उज्जैन जिले में युवा आपदा मित्र योजना सत्र आयोजित किया जा रहा है। जिसमें 800 आपदा मित्रों को प्रशिक्षित करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सत्र के तीसरे चरण 19 से 26 मई तक आलोक इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में 10 एमपी एनसीसी बटालियन के 300 कैडेट्स शामिल हुये। जिन्हे लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कुमार के मार्गदर्शन में युवा आपदा मित्र योजना में सात दिनों तक बाढ़, भूकंप, आगजनी और मेडिकल इमरजेंसी के साथ अन्य आपदाओं से निपटने के गुर एसडीआरएफ उज्जैन टीम के कुशल प्रशिक्षक द्वारा सिखाएं गये। जिला सेनानी होमगार्ड संतोष जाट ने बताया जिले में कुल 800 युवा आपदा मित्र तैयार किया जा रहे हैं, आपदा मित्र प्रशिक्षण के बाद धार्मिक नगरी के पर्व, त्यौहारों पर महत्वपूर्ण आयोजनों में अपनी सेवा देगें। युवा आपदामित्रों का सहयोग आगामी सिंहस्थ 2028 में क्षिप्रा के घाटों, सुरक्षा के साथ क्राउड मैनेजमेंट के संपादन में भी लिया जायेगा।

## चलती ट्रेन में चढ़ते समय गिरे बुजुर्ग की मौत

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

प्लेटफार्म नम्बर 1 पर चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करते समय शुक्रवार दोपहर गिरे वृद्ध की मौत हो गई। आधार कार्ड से पहचान होने पर महाराष्ट्र में रहने वाले परिजनों को सूचना दी गई है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है।





जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि दोपहर में प्लेटफार्म नम्बर 1 पर दोपहर में बिकानेर-भगत की कोठी एक्सप्रेस ट्रेन पहुंची थी। जो कुछ देर के स्टापेज के बाद अपने गतंव्य के लिये रवाना हुई। तभी चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहा बुजुर्ग व्यक्ति अचानक गिर गया और पटरियों के बीच चला गया। हादसा देख आरपीएफ का स्टॉफ प्लेटफार्म पर पहुच गया था। बुजुर्ग को पटरियों से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। आधार कार्ड मिलने पर सामने आया कि मृतक बुजुर्ग का नाम द्वारकादास पिता जगदेव बाकोड़े 72 साल निवासी नीमगांग नांदूरा बुलढाना महाराष्ट्र है। रेलवे अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करने पर सामने आया कि ट्रेन के एस-4 कोच में भगत की कोठी से नांदूरा की यात्रा कर रहे थे। सीट नम्बर 55 था। उनके साथ 8-10 यात्री ओर थे। जिनका मोबाइल नम्बर मिलने पर उन्हे जानकारी दी गई। मामले की सूचना परिजनों को दी गई है। जिनके आने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा। घटनाक्रम के चलते ट्रेन को 5 मिनट की देरी से गतंव्य के लिये रवाना किया गया।

**दो दिन में दूसरा हादसा–** चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करते समय गिरने का 2 दिन में दूसरा मामला सामने आया है। एक दिन पहले प्लेटफार्म नम्बर 6 पर ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहा युवक सागर पिता मनोहरलाल पंवार इंदौर-बिलासपुर ट्रेन से गिर गया था। उसका एक पैर कटने से मौके पर मौत हो गई थी। मृतक ताल का रहने वाला था और देवास से ट्रेन में सवार हुआ था। उज्जैन स्टेशन पर स्टापेज होने पर सामान लेने नीचे उतारा था।

## पुलिस लाइन में आयोजित हुआ सम्मान सामारोह

# लाल फीती लगते ही 31 आरक्षक बने प्रधान आरक्षक

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

पुलिस विभाग में लम्बे समय से आरक्षक के रूप में सेवा दे रहे 31 पुलिसकर्मियों को शुक्रवार पुलिस लाइन में आयोजित समारोह में लाल फीती लगाकर प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी को साइड बैज लगाकर शुभकामना दी।

पुलिस लाइन से जिले में पुलिस थानों पर आरक्षक के रूप में सेवा दे रहे 31 पुलिस कर्मियों को शुक्रवार सुबह कार्यवाहक प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया। लाइन में आयोजित सम्मान समारोह में पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने सभी आरक्षकों की बांह पर साइड बैज लाल फीती लगाई और मिठाई खिलाकर शुभकामना दी। पुलिस अधीक्षक ने सभी को नई जिम्मेदारी का निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करने का संदेश देते हुए उन्होने कहा कि पुलिस विभाग में पदोन्नति केवल सम्मान नहीं, बल्कि जनसेवा की जिम्मेदारी के साथ बढ़ी हुई जवाबदेही का प्रतिक है। सम्मान समारोह में एक प्रधान आरक्षक को कंधे पर एक स्टार लगाकर एएसआई के रूप में पदोन्नत किया गया। कार्यक्रम में भावुक पल भी सामने आया। पुलिस अधीक्षक ने दिवंगत एसआई मदनलाल निनामा के पुत्र जितेन्द्र निनामा को एएसआई के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई। दिवंगत एसआई उन्हेल थाने पर पदस्थ थे और 6 सितंबर 2025 को अपराध संबंधित मामले में थाना एसओ और महिला पुलिसकर्मी के साथ चिंतामण क्षेत्र जा रहे थे। उसी दौरान बड़े पुल से कार अनियंत्रित होने के बाद क्षिप्रा नदी में गिर गई थी। वह मूलरूप से सैलाना रतलाम के निवासी थे। पुलिस अधीक्षक ने दिवंगत एसआई के पुत्र को स्टार लगाकर नियुक्ति आदेश सौंपा।



### 11 पुलिसकर्मियों को मिला उत्कृष्ट सेवा पदक

पुलिस विभाग में निरंतर कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और अनुकरणीय समर्पण के साथ उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले 11 पुलिसकर्मियों को केंद्रीय गृहमंत्री अति उत्कृष्ट सेवा पदक तथा उत्कृष्ट सेंवा पदक से नवाजा गया है। पदक प्राप्त करने वालों में पुलिस अधीक्षक स्टेनो शाखा के एएसआई बाबूलाल वर्मा, पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय के एएसआई शरदसिंह जादौन, एएसपी शहर कार्यालय पूर्व प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्रसिंह, पुलिस लाइन प्रधान आरक्षक थॉमस अब्राहम, यातायात थाना प्रधान आरक्षक रामदीनसिंह और संतोष वर्मा, आरक्षक सलीम मोहम्मद, पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय प्रधान आरक्षक अशोक तिवारी और मनीष पुरोहित, क्राइम ब्रांच प्रधान आरक्षक कुलदीप भारद्वाज और उपमहानिरीक्षक कार्यालय प्रधान आरक्षक पंकज व्यास शामिल है। केन्द्रीय गृहमंत्री अति उत्कृष्ट सेवा पदक तथा उत्कृष्ट सेंवा पदक भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा दिया जाने वाला एक अत्यंत उच्च और प्रतिष्ठित सम्मान है। यह पदक केवल उन्हीं पुलिस कर्मियों को प्रदान किया जाता है जो अपने दीर्घकालिक सेवाकाल (15 से 25 साल) के दौरान बिना किसी दाग के, अद्वितीय साहस, व्यावसायिक कुशलता और उत्कृष्ट जनसेवा का परिचय देते हैं। यह सम्मान उज्जैन पुलिस के लिए अत्यंत गौरव का विषय है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com